**सुविचार**
शतरंज का एक नियम बहुत ही उम्दा है, चाल कोई भी चलो पर अपनों को नहीं मार सकते।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi




08 सोनाक्षी की वेब डेब्यू दहाड़ की टीजर जारी


Ranchi ● Sunday, 30 April 2023 ● Year : 01 ● Issue : 104 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com | E-Paper : epaper.thephotonnews.com


**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | : | 61,112.44 |
| निफ्टी | : | 18,065.00 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,720 |
| चांदी | : | 80.04 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

# झारखंड में भी KALINGA INSTITUTE जैसा संस्थान खोलने की इच्छा : सीएम

## हेमंत सोरेन ने पत्नी कल्पना सोरेन संग पुरी के जगन्नाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना

**CHIEF BUREAU RANCHI**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पत्नी कल्पना सोरेन संग शनिवार को ओडिशा के पुरी में जगन्नाथ मंदिर के दर्शन किए। उन्होंने पारंपरिक विधि-विधान से भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की पूजा-अर्चना कर झारखंड और झारखंडवासियों की उन्नति, सुख-समृद्धि-शांति, खुशहाली और स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना की। उन्होंने आशीर्वाद के रूप में भगवान जगन्नाथ का भोग ग्रहण किया। इससे पहले मुख्यमंत्री के यहां आगमन पर मंदिर प्रबंधन ने उनका पारंपरिक तरीके से स्वागत किया और प्रतीक चिन्ह के रूप में श्री जगन्नाथ मंदिर की तस्वीर भेंट की गई। इस दौरान सीएम ने कहा कि झारखंड के बच्चों के लिए भी इसी तरह का संस्थान स्थापित करने की इच्छा है। हेमंत सोरेन ने कहा कि समाज के हर वर्ग को सामाजिक सुरक्षा मिले, यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि हर किसी को सामाजिक सुरक्षा कवच देने के लिए यूनिवर्सल पेंशन स्कीम और एनपीएस को लागू कर सरकार ने ऐतिहासिक कदम उठाने का काम किया है।



ओडिशा के पुरी में जगन्नाथ मंदिर का सीएम हेमंत सोरेन पत्नी कल्पना सोरेन के साथ दर्शन करते हुए एवं प्रतीक चिन्ह के रूप में श्री जगन्नाथ मंदिर की तस्वीर भेंट करते मंदिर प्रबंधन के लोग ● फोटोन न्यूज

### बच्चों से संवाद कर बहुत कुछ सीखने को मिला

पुरी में मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से कहा कि कल कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (किस) के समारोह में शामिल होने का मौका मिला। इस संस्थान के संस्थापक डॉ अच्युत सामंता जी यहां गरीब और वंचित आदिवासी समुदाय के 40 हजार से ज्यादा बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देकर उनका भविष्य गढ़ रहे हैं। उनके इनोवेटिव और क्रिएटिव काम को जानने-समझने और देखने के लिए यहां आया। इस दौरान यहां पढ़ रहे बच्चों से संवाद कर बहुत कुछ सीखने को मिला। हमारी इच्छा है कि डॉ सामंता जी के साथ मिलकर झारखंड के बच्चों के लिए भी इसी तरह का संस्थान स्थापित करें, ताकि यहां के आदिवासी बच्चे-बच्चियों को बेहतर शिक्षा दे सकें और वे हर क्षेत्र में कामयाबी हासिल करें।

### नक्सली गतिविधियां अब अंतिम पड़ाव पर

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में नक्सली गतिविधियां अब अंतिम पड़ाव पर है। नक्सली बहुत हद तक कमजोर हो चुके हैं। हालांकि, कुछ नक्सल घटनाएं भी हो रही हैं लेकिन मुझे विश्वास है कि सभी राज्य मिलकर निश्चित तौर पर नक्सली गतिविधियों पर अंकुश लगाने में कामयाब होंगे।

### हर किसी को मिले बेहतर स्वास्थ्य सेवा

सीएम ने कहा कि राज्य की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवा मिले, इस दिशा में सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में एयर एंबुलेंस सेवा की शुरूआत की गई है। समाज के गरीब और बीपीएल भी इसका लाभ ले सकें, सरकार ने इसे सुनिश्चित किया है। समाज के हर वर्ग को सामाजिक सुरक्षा मिले, यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी कर्मी, बुजुर्ग, दिव्यांग, परित्यक्ता या एकल महिला हर किसी को सामाजिक सुरक्षा कवच देने के लिए यूनिवर्सल पेंशन स्कीम और एनपीएस को लागू कर सरकार ने ऐतिहासिक कदम उठाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पेंशन किसी के भी बुढ़ापे की लाठी होती है। यह उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत करता है और सरकार उन्हें इसका लाभ देने के लिए सदैव से प्रयासरत रही है।

**BRIEF NEWS**

### राजौरी के केरी सेक्टर में सैन्य वाहन गहरी खाई में गिरा, दो जवान बलिदान

**RAJOURI :** राजौरी जिले के केरी सेक्टर में शनिवार दोपहर एक सैन्य वाहन दुर्घटनाग्रस्त होकर गहरी खाई में गिर गया। इस हादसे में दो जवान बलिदान हो गए, जबकि कई अन्य घायल भी बताए जा रहे हैं। हादसे की जानकारी मिलने पर सेना, पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंच गए हैं। घायलों को अस्पताल पहुंचाया जा रहा है। समाचार लिखे जाने तक बचाव अभियान जारी है। विस्तृत विवरण की प्रतीक्षा है।

### पलामू में यौन शोषण के आरोप में भाजपा नेता का पुत्र गिरफ्तार

**MEDNINAGAR :** भाजपा नेता के बड़े बेटे का शनिवार को ही तिलक चढ़ने वाला था। बड़ा बेटा इसकी तैयारी में जुटा था जबकि छोटे बेटे को जेल जाना पड़ा। विशाल के अलावा एक दूसरे मामले में नावाबाजार पुलिस ने गोविंद विश्वकर्मा (25) को भी गिरफ्तार किया है। इसके खिलाफ यौन शोषण का आरोप है। नावा बाजार थाना प्रभारी दीपक कुमार दास के नेतृत्व में शनिवार को अपहरण, रेप और यौन शोषण के दो अलग-अलग घटना के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि कांड संख्या 44/23 में दो अभियुक्त हैं जो कंडा गांव के ही एक और अभियुक्त सुनील सिंह अभी फरार है। दोनों घटना गांव की ही लड़की के साथ अंजाम दिया गया है। दोनों लड़कियों ने इनके विरुद्ध थाना में लिखित आवेदन दिया है।

### बसपा सांसद अफजाल को चार और मुख्तार को 10 साल की सजा

**GHAZIPUR :** गाजीपुर से बसपा सांसद अफजाल अंसारी और माफिया मुख्तार अंसारी पर गैंगस्टर के मामले में शनिवार को एमपी-एमएलए कोर्ट में फैसला सुनाते हुए न्यायाधीश ने मुख्तार अंसारी को 10 वर्ष और सांसद अफजाल अंसारी को 4 साल का कारावास और पांच लाख का अर्थदंड लागाया है। ज्ञातव्य है कि न्यायाधीश के अवकाश पर रहने के कारण बीते 15 अप्रैल को फैसला नहीं आ सका था। वर्ष 2007 के इस मामले में बीते एक अप्रैल को बहस और सुनवाई पूरी कर ली गयी थी और 15 अप्रैल को फैसला होना था। अफजाल अंसारी, मुख्तार अंसारी के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत एमपी-एमएलए कोर्ट में चल रहे इस केस में भाजपा विधायक कृष्णानंद राय हत्याकांड केस गैंग चार्ट में शामिल है।

### देश में कोरोना के 7,171 नए मरीज, 25 की मौत

**नई दिल्ली :** देश में पिछले 24 घंटे के दौरान कोरोना के 7,171 नए मरीज सामने आए हैं। इस अवधि में कोरोना वायरस से संक्रमित 25 मरीजों की मौत हो गई। वहीं 9,669 मरीज स्वस्थ हुए। अब तक 4,43,56,693 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं और रिकवरी रेट 98.70 प्रतिशत है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के शनिवार को जारी आंकड़े के अनुसार देश में कोरोना के एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 51,314 हो गई है, जबकि दैनिक संक्रमण दर 3.69 प्रतिशत है।

# मुझे कांग्रेस के लोगों ने 91 बार गालियां दीं : PM

## कर्नाटक विधानसभा चुनाव को लेकर पीएम दो दिन के दौरे पर

**AGENCY BENGALURU :**

कर्नाटक में 10 मई को विधानसभा चुनाव होंगे। वोटिंग से 11 दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य के दो दिन के दौरे पर शनिवार को बीदर पहुंचे। उन्होंने तीन सभाएं कीं। सबसे पहले सुबह 11 बजे हुमनाबाद में जनसभा को 36 मिनट संबोधित किया। दूसरी-दोपहर सवा एक बजे विजयपुरा में। यहां वे 27 मिनट बोले। मोदी पौने 3 बजे बेलागावी के कुडाची में 38 मिनट बोले।

बीदर में प्रधानमंत्री ने कहा- मुझे कांग्रेस के लोगों ने 91 बार गालियां दीं। गालियों के शब्दकोष में टाइम खराब करने के बजाय अगर कांग्रेस ने इतनी मेहनत गुड गवर्नेंस में की होती तो इनकी इतनी दयनीय स्थिति नहीं होती। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 27 अप्रैल को कलबुर्गी में एक चुनावी सभा के दौरान प्रधानमंत्री को जहरीले सांप की तरह बताया था।



लोगों का अभिवादन स्वीकारते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ● एजेंसी

मोदी का इशारा खड़गे पर था। खड़गे ने कहा था- आप सोच सकते हैं कि यह जहर है या नहीं, लेकिन अगर उसे चखेंगे, तो आपकी मौत हो जाएगी। हालांकि, विवाद बढ़ने के बाद खड़गे ने माफी मांग ली थी।

**पीएम उम्मीदवार बना, तब बीदर की जनता ने आशीर्वाद दिया था :** प्रधानमंत्री ने 2014 का वाकया याद करते हुए कहा- ये मेरा सौभाग्य है कि इस विधानसभा चुनाव में मेरी शुरूआत बीदर से हो रही है। बीदर का आशीर्वाद मुझे तब भी मिला था जब मैं प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बना था। आज इतनी बड़ी संख्या में यहां आ कर आपने पूरे देश को संदेश दे दिया है कि- इस बार, भाजपा सरकार। यह चुनाव कर्नाटक को देश में नंबर-1 राज्य बनाने का चुनाव है।

### कर्नाटक में डबल इंजन की सरकार जरूरी

पीएम ने कहा- कर्नाटक को देश का नंबर-1 राज्य बनाने के लिए यहां डबल इंजन सरकार का होना बेहद जरूरी है। कांग्रेस की सरकार में हर साल 30 हजार करोड़ रुपए के आसपास विदेशी निवेश कर्नाटक में आता था, जबकि इखढ की सरकार में अब हर साल करीब 90 हजार करोड़ रुपए का विदेशी निवेश कर्नाटक में आ रहा है। मोदी ने कहा- जब हमने पीएम किसान सम्मान निधि शुरू की थी तब कर्नाटक में कांग्रेस-खऊर की सरकार थी। इनको किसानों से कितनी नफरत है देखिए कि ये लाभार्थी किसानों की सूची केंद्र सरकार को भेजने में रुकावटें पैदा करते थे। उनको तकलीफ यह थी इसमें बीच में कोई कटकी नहीं थी, पैसा सीधे किसानों के खाते में जा रहा था। कांग्रेस राज में 100 से ज्यादा ऐसी सिंचाई योजनाएं थी जो दशकों से लटकी हुई थीं। बीते 9 वर्षों में दशकों से अधूरी पड़ी 60 से ज्यादा सिंचाई योजनाओं को हम पूरा कर चुके हैं।

# महाराष्ट्र में तीन मंजिली इमारत गिरी 70 लोगों के दबे होने की आशंका

## नौ लोगों को घायलावस्था में निकाला गया

**AGENCY MUMBAI :**

महाराष्ट्र में ठाणे जिले के भिवंडी स्थित वालपाड़ा इलाके में वर्धमान भवन नामक तीन मंजिला इमारत शनिवार दोपहर में अचानक ढह गई। खबर लिखे जाने तक मलबे से नौ लोगों को घायलावस्था में निकाला गया है, जबकि 70 लोगों के अभी भी दबे होने की आशंका है। राहत एवं बचाव कार्य जारी है।

भिवंडी पुलिस थाने के मुताबिक इमारत के मलबे से अब तक नौ लोगों को निकाल कर नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। शनिवार दोपहर 12 बजे के आसपास भिवंडी के वालपाड़ा में वर्धमान भवन नामक तीन मंजिला इमारत अचानक ढह गई। इस इमारत के नीचे एक गोदाम भी था। इमारत की ऊपरी तीन मंजिलों पर लोग रहते थे। घटना के वक्त इस गोदाम में 30 से 35 लोग काम कर रहे थे। दोपहर में अचानक इमारत ढहने से काम करने वालों के साथ इमारत में रहने वाले कुल 70 लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। घटना की जानकारी मिलते ही राहत एवं बचाव टीम के साथ फायर ब्रिगेड के जवान मौके पर पहुंचे और बहुत ही सावधानी से मलबा हटाने का काम शुरू किया।


इमारत के गोदाम में काम करने वाले एक मजदूर ने मीडियाकर्मियों को बताया कि हममें से कुछ लोग दोपहर के भोजन के लिए गोदाम में ठहरे हुए थे। तभी अचानक इमारत गिरने की आवाज आई और हम गोदाम से बाहर भागे इसलिए हम बच गए, जबकि हमारे बहुत से साथी मजदूर मलबे में दबे हुए हैं।



महाराष्ट्र के भिवंडी स्थित वालपाड़ा इलाके में गिरी इमारत ● एजेंसी

## वायु सेना का साहसी कारनामा इतिहास में दर्ज, अंधेरे में छोटी सी हवाई पट्टी पर उतारा गया भारी-भरकम विमान

# वायु सेना ने 'NIGHT OPERATION' में 121 सूडानी नागरिकों की बचाई जान



सूडान में लोगों को रेस्क्यू करती वायु सेना

**AGENCY NEW DELHI :**

हिंसाग्रस्त सूडान में फंसे भारतीयों की सुरक्षित वतन वापसी के लिए शुरू किए गए ऑपरेशन कावेरी के बीच वायु सेना ने एक ऐसा कारनामा कर दिखाया है, जो इतिहास में दर्ज हो गया। भारतीय वायु सेना ने सी-130जे जैसे भारी-भरकम विमान को सूडान के वाडी सैय्यदना में छोटी सी हवाई पट्टी पर रात के अंधेरे में उतारकर इस 'नाइट ऑपरेशन' को अंजाम दिया। 27/28 अप्रैल की दरम्यानी रात 121 लोगों को बचाया गया, जिनके पास पोर्ट सूडान तक पहुंचने का कोई साधन नहीं था।

हिंसाग्रस्त सूडान से भारतीयों को निकालने के लिए शुरू किए अभियान में भारतीय वायु सेना और नौसेना को लगाया गया है। शुक्रवार सुबह तक 'ऑपरेशन कावेरी' के तहत 2,100 भारतीयों को जेद्दा पहुंचाया गया है। पोर्ट सूडान में तैनात नौसेना का जहाज आईएनएस सुमेधा आज सुबह 300 यात्रियों के साथ संकटग्रस्त देश से जेद्दा के लिए रवाना हुआ। यह आईएनएस सुमेधा का 13वां जत्था है। इसी तरह भारतीय वायु सेना के विमान सी-130जे ने 135 यात्रियों के 10वें और 11वें जत्थे को राजधानी में चल रही हिंसा के बीच संघर्ष विराम बढ़ाने पर सहमत होने के बाद पोर्ट सूडान से जेद्दा तक निकाला है।

इसी बीच वायु सेना को राजधानी खार्तूम से लगभग 40 कि.मी. उत्तर में वाडी सैय्यदना में 121 सूडानी नागरिकों के फंसे होने की जानकारी मिली, जिनके पास पोर्ट सूडान तक पहुंचने का कोई साधन नहीं था। इनमें एक गर्भवती महिला सहित कई बीमार लोग भी शामिल थे। यह लोग जहां फंसे थे, वहां की हवाई पट्टी नीची सतह पर थी और घना अंधेरा होने की वजह से विमान की लैंडिंग करना भी मुश्किल था। रात में एक विमान की लैंडिंग के लिए रोशनी का होना जरूरी होता है, इसके बावजूद 'ऑपरेशन कावेरी' में लगे भारतीय वायु सेना के अधिकारियों ने सूडानी नागरिकों को बचाने का फैसला लिया।

इस काफिले का नेतृत्व भारतीय रक्षा अताशे कर रहे थे, जो वाडी सैय्यदना में हवाई पट्टी पर पहुंचने तक भारतीय वायुसेना के अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में थे। हवाई पट्टी की ओर बढ़ते हुए वायु सेना

# कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्राओं ने मारी बाजी

## JEE MAIN में किया क्वालीफाई

**PHOTON NEWS KHUNTI :**

कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय खूंटी की दस छात्राओं ने जेईई मेन 2022 में क्वालीफाई किया है। यह उपलब्धि उपायुक्त शशि रंजन की पहल पर शुरू किये गए सपनों की उड़ान कार्यक्रम की सफलता है। 10 छात्राओं ने यह उपलब्धि हासिल कर अन्य छात्राओं के लिए भी उदाहरण प्रस्तुत किया है। उनकी सफलता से कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय परिवार, वार्डन, शिक्षिका, सभी बच्चियों में खुशी व्याप्त है। शैक्षणिक सत्र 2021-23 के द्वितीय फेज में इंजीनियरिंग कें लिए 18 और मेडिकल कें लिए 39 कुल 57 छात्राएं नामांकित हैं। इनमें इंजीनियरिंग की 10 छात्राओं ने जेईई मेन की परीक्षा उत्तीर्ण की है। इनमें एलिसा हास्सा, सोहनी बाखला, एजेंल सियोन तोपनो, मेरी कण्डुलना, सरस्वती कुमारी, सुचिता सुरीन, पुष्पा कण्डुलना, संतोषी कुमारी, श्रुति कुमारी और निशा कुमारी शामिल हैं। जिला प्रशासन की ओर से छात्राओं को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कालामाटी में जेईई एडवांस की परीक्षा की तैयारी करायेगा तथा सभी छात्राओं के काउंसिलिंग सहयोग प्रदान कर उच्च शिक्षण संस्थानों में नामांकन कराने का प्रयास करेगा। इस संबंध में उपायुक्त ने कहा कि आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत खूंटी के छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर करने के उद्देश्य से एक अनोखी पहल का परिणाम अब सकारात्मक रूप से प्रदर्शित हो रहा है।

# CM YOGI की जनता से अपील, रविवार को जरूर सुनें प्रधानमंत्री के 'मन की बात'

**PHOTON NEWS LUCKNOW**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश की जनता से अपील की है कि रविवार को दिन में 11 बजे प्रसारित होने जा रहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सभी लोग अवश्य सुनें। योगी ने अपने ट्विटर हैंडल से इस बारे में सूचना देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात जन-गण के मन तक पहुंचती है।

योगी ने कहा कि लोकतांत्रिक संस्कृति को समृद्ध करते, सभी को प्रेरणा प्रदान करते और आमजन के मन को एकात्मता के भाव से जोड़ते इस कार्यक्रम में 'मन की बात' की बात होती है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से अनेक नवाचारों, विभिन्न सामाजिक सरोकारों एवं विविध मुहिमों को सशक्त मंच प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि कल सभी लोग प्रधानमंत्री की 'मन की बात' के 100वें एपिसोड को अवश्य सुनें और भारत के मन से जुड़ें।


योगी आदित्यनाथ का फाईल फोटो।

वैसे मुख्यमंत्री योगी स्वयं रविवार को कर्नाटक के चुनावी दौरे पर होंगे। वह वहां कोप्पल जिले की गंगावती विधानसभा में पब्लिक मीटिंग के दौरान प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुनेंगे।

वहीं दूसरी तरफ उप्र के राजभवन में भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 100वें संस्करण का प्रसारण होगा। इस दौरान राज्यपाल आनंदीबेन पटेल अन्नपूर्णा हॉल में 'मन की बात और आजादी का अमृत महोत्सव' पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन भी करेंगी।

## देश के 30 हजार युवा पर्यटन क्लब करेंगे मन की बात की 100वीं कड़ी का प्रसारण

**PHOTON NEWS NEW DELHI**

पर्यटन मंत्रालय मन की बात की 100वीं कड़ी के मौके पर युवा पर्यटन क्लबों के माध्यम से मन की बात की 100 कड़ी - 100 दिनों की कार्रवाई की एक विशेष पहल शुरू करने जा रहा है। इसके साथ युवा पर्यटन क्लबों में रविवार को 'मन की बात' की 100वीं कड़ी का प्रसारण किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा समय-समय पर 'मन की बात' में पर्यटन का उल्लेख किया गया है।

पर्यटन मंत्रालय ने अब तक 30,000 युवा पर्यटन क्लबों का गठन किया है। आजादी का अमृत महोत्सव समारोह के सिलसिले में स्कूलों, कॉलेजों, भारतीय होटल


नरेन्द्र मोदी का फाईल फोटो।

प्रबंधन (आईएचएम) संस्थानों में युवा पर्यटन क्लबों की स्थापना शुरू की गई। युवा पर्यटन क्लब का दृष्टिकोण भारतीय पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ क्षेत्र की संभावनाओं से अवगत करना है। क्लब के सदस्य पर्यटन के युवा राजदूत होंगे, जो इस क्षेत्र के विकास में मददगार साबित होंगे।

पर्यटन मंत्रालय का युवा पर्यटन क्लबों के माध्यम से कई पहल और गतिविधियां आयोजित करने का प्रस्ताव है। मन की बात की 100वीं कड़ी का जश्न मनाने के लिए युवा पर्यटन क्लबों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री के जीवन मिशन के संदेश को प्रसारित करने के लिए लाइव इवेंट शामिल होगा। इसके अलावा इसके तहत युवा पर्यटन क्लबों के 71 लाइट हाउसों का दौरा करेंगे, जिसका उल्लेख प्रधानमंत्री ने मार्च 2021 के अपने मन की बात में किया था।

## 30 APRIL को नए इतिहास की होगी रचना : अन्नपूर्णा देवी

**PHOTON NEWS KODARMA**

केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री और कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि 30 अप्रैल को नये इतिहास की रचना होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का 100वां संस्करण दुनिया का सबसे ज्यादा लोगों द्वारा सुना जानेवाला रेडियो ब्रॉडकास्ट बनेगा और रिकॉर्ड कायम होगा।

मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने चाराडीह में कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम की शुरूआत 3 अक्टूबर, 2014 को हुई थी। मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण 52 भाषाओं एवं बोलियों में होता है, जिनमें 11 विदेशी भाषाएं भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मन की बात दुनिया का इकलौता रेडियो प्रोग्राम है, जिसके माध्यम से राष्ट्र का कार्यकारी प्रमुख हर महीने जनता से सीधा संवाद करता है।



चाराडीह के कार्यक्रम में बोलती सांसद अन्नपूर्णा देवी। ● द फोटोन न्यूज

प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनता से सीधा संवाद, राष्ट्र निर्माण और चरित्र निर्माण है। उन्होंने कहा कि मन की बात में चर्चा के बाद सेल्फी विथ डॉट से बालिकाओं की गरिमा बढ़ाने का अभियान चला। स्टैच्यू क्लीनिंग के आह्वान पर जन-जन में राष्ट्र के नायकों के प्रति सम्मान के भाव में वृद्धि हुई। फिट इंडिया के नारे ने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। मन की बात ने देश को एकजुट होकर आपदा का सामना करने के लिए तैयार किया। लोगों में उत्साह भरा। मंत्री ने कहा कि यह मन की बात कार्यक्रम की वैश्विक लोकप्रियता का प्रमाण है कि 27 जनवरी, 2015 में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा ने प्रधानमंत्री के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया और भारत की जनता के पत्रों के उत्तर दिए।

## कार्यकर्ताओं के बल पर 2024 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत निश्चित है : SUJIT PATEL

**PHOTON NEWS RAMGARH**

पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमिटी के तत्वाधान में पंचायत कमिटी का गठन एवं ज्वाइन कार्यक्रम के तहत हर पंचायत एवं बूथ पर अभियान चलाई जा रही है। इसी कड़ी में शनिवार को कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल की अध्यक्षता एवं मंडल अध्यक्ष संजय सिंह के संचालन में सयाल उत्तरी पंचायत से अभियान की शुरूआत की गई। इसमें कांग्रेस नेता राजू कुमार एवं उप मुखिया विमलेश कुमार के नेतृत्व में दर्जनों युवाओं ने कांग्रेस पार्टी के नीति सिद्धांतों एवं राहुल गांधी और विधायक अंबा प्रसाद में अपनी आस्था व्यक्त करते हुए पार्टी कि सदस्यता ग्रहण की। इन सबों का प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल एवं अन्य अतिथियों ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सुजीत पटेल ने कहा कि आगामी लोकसभा-विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पतरातू प्रखंड की नई घोषित कमेटी द्वारा प्रतिदिन किसी न किसी पंचायत


कार्यक्रम में मौजूद कांग्रेसी। ● द फोटोन न्यूज

की पंचायत कमेटी एवं बूथ कमेटी का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बार पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी कि पंचायत व बूथ कमेटी बहुत ही सशक्त बनेगी।

श्री पटेल ने कहा की कार्यकर्ताओं के बल पर आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत निश्चित है। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि अमित साव, मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, सुनील महतो, संजीव सिंह, वार्ड सदस्य मंजू देवी, अजय पासवान, शम्स खान मौजूद थे।

सदस्यता ग्रहण करने वालों में विमलेश कुमार, शशि कुमार, कुरेशा खातून, ममता कुमारी, राकेश राम, दीपक राम, विकास राम, सनी, विजय कुमार दास, टेकलाल दास, कृष्णा दास, रमेश कुमार तापस, साहिल वारसी, महावीर कुमार, केदार साव, कोमल कुमार, अभय कुमार, दीपक कुमार, शंकर कुमार, उत्तम कुमार पासवान, राजेश मुंडा, अनिल ठाकुर, कलाम अंसारी, अजय कुमार, राहुल कुमार, हरेंद्र दुबे, वकील सिंह, मंसूरी आलम आदि शामिल हैं।

## भारत की कला, संस्कृति और विरासत ने जी-20 के प्रतिनिधियों पर अमिट छाप छोड़ी : अनुराग ठाकुर

**PHOTON NEWS NEW DELHI**

केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेलमंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि भारत की अध्यक्षता में जी-20 ने नई उपलब्धियां हासिल की हैं। विचार-विमर्श सफलतापूर्वक चल रहे हैं। भारत की समृद्ध कला, संस्कृति और विरासत ने दुनिया भर के प्रतिनिधियों पर अमिट छाप छोड़ी है। वह लेह में आयोजित दो दिवसीय वाई-20 प्री-समिट के बाद प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे।

ठाकुर ने कहा कि लेह में वाई-20 प्री समिट में भाग लेने वाले लगभग 103 प्रतिनिधि लेह के मठों, संगम और मनोरम प्राकृतिक दृश्यों से मंत्रमुग्ध हैं और वे फिर से लद्दाख लौटना चाहते हैं। कई लोगों के आयोजन संबंधी भ्रम पैदा किए जाने के बावजूद वाई 20 प्री समिट सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है।

उन्होंने बताया कि लेह प्री समिट के परिणामस्वरूप भाग लेने वाले देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के बीच वाई 20 समिट के पांच विषयों पर सहमति बनी है। कौशल से



वाई-20 प्री समिट में बोलते अनुराग ठाकुर। ● द फोटोन न्यूज

दुबारा लैस करने (रीस्किलिंग) और कौशल को उन्नत करने (अपस्किलिंग) सहित भविष्य की चुनौतियों के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव आए हैं।

उन्होंने कहा कि वाई-20 शिखर सम्मेलन युवाओं और विश्व को समान रूप से अपने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संवाद को आकार देने का एक असाधारण अवसर प्रदान कर रहा है। यह कई मायनों में हमारे संबंधित क्षेत्रों की समस्याओं का समाधान खोजने में लगातार प्रयासरत है। केंद्रीय मंत्री ने युवाओं से नए विचारों की तलाश करने, नवीन संबंधों को विकसित करने और परिवर्तन को लाने के लिए भी आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि वाई-20 की थीम को युवाओं को सशक्त बनाने के लिए सावधानी से चुना गया है, ताकि वे जी20 के विकास एजेंडे और समग्र रूप से वैश्विक समुदाय का निर्माण कर सकें, इसमें सहयोग दे सकें और इसके लिए योगदान कर सकें।

## पूरी तरह निर्दोष हूँ, मुझे फंसाया जा रहा : ब्रजभूषण शरण सिंह

**PHOTON NEWS GONDA**

कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष एवं गोण्डा से भाजपा सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह ने शनिवार को कहा कि मैं पूरी तरह से निर्दोष हूँ,मुझे साजिश के तहत फंसाया जा रहा है। इस साजिश के पीछे एक बड़े उद्योगपति और कांग्रेस पार्टी का हाथ है।

ब्रजभूषण शरण सिंह ने गोण्डा के नंदिनीनगर स्थित आवास पर शनिवार को पत्रकारों से कहा कि मुझे न्यायालय और जांच एजेंसियों पर भरोसा है। मैं जांच में सहयोग करने को तैयार हूं। उन्होंने कहा कि इन लोगों की मांग लगातार बढ़ती जा रही है। पहले यह लोग कहते थे कि कुश्ती संघ के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दें। अब कह रहे हैं कि सभी पदों से इस्तीफा दें और इन्हें जेल में डाला जाय।

ब्रजभूषण सिंह ने कहा कि मेरा कार्यकाल लगभग पूरा हो चुका है। कुश्ती संघ के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देना बड़ी बात नहीं है,


ब्रजभूषण शरण सिंह का फाईल फोटो।

लेकिन मैं अपराधी बनकर इस्तीफा नहीं देना चाहता। इस्तीफा देने का मतलब होगा कि मैंने आरोप स्वीकार कर लिए हैं। मैं कुश्ती महासंघ का अध्यक्ष किसी की कृपा से नहीं बना हूं। मैं चुनाव जीतकर अध्यक्ष बना हूं। मैं सांसद भी क्षेत्र की जनता के आशीर्वाद से बना हूं।

गोण्डा सांसद ने कहा कि कुश्ती संघ में एक अखाड़ा और एक घराने का ही दबदबा रहता था। हमने इस पर रोक लगाने का काम किया। हमने पूरे देश के खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का काम किया। यह काम कुछ लोगों को रास नहीं आ रहा है।

ब्रजभूषण सिंह ने कहा कि धरने पर बैठे लोग खेल की बदनामी करा रहे हैं। धरने में प्रियंका गांधी और सत्यपाल मलिक जैसे लोगों का क्या काम है। जितने भी खिलाड़ी प्रदर्शन कर रहे हैं, वे एक ही अखाड़े और एक ही परिवार से संबंधी हैं। उन्होंने कहा कि कैम्प में पूरे देश के खिलाड़ी रहते हैं अन्य राज्यों के खिलाड़ियों के साथ गलत क्यों नहीं हुआ।

उल्लेखनीय है कि भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने यौन उत्पीड़न के मामले में शुक्रवार (28 अप्रैल) को दो एफआईआर दर्ज की है। कनॉट प्लेस पुलिस थाने में पहली एफआईआर नाबालिग पहलवान की शिकायत पर दर्ज की गई है, जिसमें यौन अपराधों से बाल संरक्षण (पॉक्सो एक्ट) भी लगाया गया है।

## JAYANT SINHA का रसदा गांव में हुआ आगमन, ग्रामीणों के साथ जनसंवाद में कहा

# जन समस्याओं का समाधान ही भाजपा का उद्देश्य

**PHOTON NEWS RAMGARH**

हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा का शुक्रवार की शाम रसदा शिव शक्ति मंदिर प्रांगण में आगमन हुआ। इस दौरान जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें सैकड़ो ग्रामीणों उपस्थिति हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि नारायण चंद्र भौमिक, रामगढ़ डीएमपी फंड के सांसद प्रतिनिधि सुमन सिंह, प्रकाश मिश्रा, कृषि विभाग के जिला सांसद प्रतिनिधि योगेश दांगी, भदानीनगर मंडल उपाध्यक्ष अनूप ठाकुर, मंडल महामंत्री सागर दांगी, कोषाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, जिला परिषद राजाराम प्रजापति,


ग्रामीणों को संबोधित करते सांसद जयंत सिन्हा। ● द फोटोन न्यूज

भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि जगतार सिंह आदि शामिल हुए। भदानीनगर मंडल युवा मोर्चा के अध्यक्ष आशीष शर्मा के नेतृत्व में और मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र करमाली की अध्यक्षता में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में जिसमें कई समस्याओं का समाधान ऑन द सपॉट कर दिया गया।

ग्रामीणों ने मुख्य रूप से तीन समस्याओं को सांसद जयंत सिन्हा के समक्ष रखा। जिसमें लबगा चैक से पतरातु रोड निर्माण, जिंदल स्कूल प्रबंधकों द्वारा जो आसपास के 6 गावों के रैयत विस्थापित के बच्चो को 25 प्रतिशत के लागत में शिक्षा देती थी उस अधिकार को अचानक रैयतों से छीने जाने व छाईड डैम के विस्थापित ने अपने जमीन के बदले मुवावजा की मांग की बातें प्रमुखता से रखी। सभी समस्याओं पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन देने के बाद सांसद के अनुसंसा उपरांत रसदा को जो 60 लाख का कम्युनिटी हॉल मिला उसके लिए ग्रामीणों ने जयंत सिन्हा के प्रति आभार जताया। इसके पूर्व सांसद जयंत सिन्हा ने श्रीश्री प्राचीन मां पंच बहिनी मंदिर विकास समिति लबगा के तत्वाधान में चल रहे श्रीश्री 1008 पंचमुखी हनुमत प्राण-प्रतिष्ठा सह नवापरायन 11 दिवसीय महायज्ञ में शामिल हुए। जहां पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। साथ यज्ञ स्थल में मत्था टेक क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली व सुख-समृद्धि की कामना की। मौके पर पंचायत के मुखिया किशोर महतो, पतरातु मंडल के युवा मोर्चा अध्यक्ष गणेश ठाकुर, बूथ अध्यक्ष शंभू साहू, सुरेश साहू, मनोज साहू, श्याम सहित नागेश्वर साहू, बसंत कुमार, सुभाष कुमार, बबलू कुमार, आशा साहू, विनोद कुमार, मनोज कुमार, पंकज कुमार, आदित्य नारायण साहू, राम लखन आदि ग्रामीण मौजूद थे।


## BRIEF NEWS

### झारखंड में दो सरकारें काम कर रहीं : सरयू राय


सरयू राय का फाईल फोटो।

**GIRIDIH :** राष्ट्रीय कोलियरी कांग्रेस के अध्यक्ष सह विधायक सरयू राय ने आज यहां कहा कि उत्तरप्रदेश के माफिया डॉन अतीक अहमद की तर्ज पर झारखंड में भी योगेंद्र तिवारी और प्रेम प्रकाश जैसे लोग काम कर रहे हैं। वे शनिवार को सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने शराब के अवैध कारोबार के बाबत कहा कि जिसने भी शिकायत की उसे लगातार धमकियां मिल रही हैं। राज्य में स्थिति ऐसी है कि निर्दोष फंस रहे हैं और दोषी बच रहे हैं। राज्य में दो सरकार चल रही हैं। एक हेमंत सोरेन की सरकार और दूसरी कांग्रेस की सरकार। मुख्यमंत्री का भी सरकार पर नियंत्रण नहीं है। जो पावर मुख्यमंत्री का है वह काम कांग्रेस के मंत्री करते हैं। विधायक सरयू राय ने कहा कि रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन ने सेना की जमीन को भी क्लीन चिट दे दी। डीसी ने दस्तावेज बदलकर सेना की जमीन की भी बिक्री करा दी लेकिन ईडी ने इस फजीवाड़े को पकड़ लिया। उन्होंने कहा कि झारखंड में फिलहाल एक कहावत प्रचलित हो रही है कि जो जमीन सरकारी है वह हमारी है। सरकार के संरक्षण में सरकारी जमीन अधिकारी बेचवा रहे हैं। यही हाल कोयले के अवैध खनन का है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन मिलकर कोयले का अवैध कारोबार कर रही है।

### ऐतिहासिक होगा प्रधानमंत्री के मन की बात का 100वां एपिसोड : कोचे मुंडा



विधायक कोचे मुंडा व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

**KHUNTI :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 100वें एपिसोड को तोरपा विधानसभा क्षेत्र के सौ स्थानों पर सौ-सौ लोग सुनेंगे। प्रधानमंत्री का यह कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। मन की बात के 100वें एपिसोड के लिए भाजपा ने खास तैयारियां की हैं। ये बातें तोरपा विधानसभा क्षेत्र के विधायक कोचे मुंडा ने कही। विधायक शनिवार को तोरपा में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। विधायक ने कहा कि एपिसोड का प्रसारण 30 अप्रैल को पूर्वाह्न 11 बजे से होगा। उन्होंने कहा कि वे स्वयं अपने पैतृक गांव ममरला स्थित सांस्कृतिक भगवन में एक सौ ग्रामीणों के साथ कार्यक्रम को सुनेंगे। विधायक ने कहा कि मन की बात बात कार्यक्रम के 100वें एपिसोड पर पूरी दुनिया की निगाहें हैं। ऐसा पहली बार होगा कि किसी नेता को करोड़ों लोग एक साथ एक ही समय पर बैठकर सुनेंगे। यह एक विश्व रिकॉर्ड बनने वाला है। उन्होंने बताया कि तोरपा विधाानसभा क्षेत्र में पड़ने वाले सभी पांच मंडलों में ग्रामीणा और भाजपा कार्यकर्ता काय्रक्रम को सुनेंगे।

### दिल्ली के उप राज्यपाल ने मुख्यमंत्री आवास नवीनीकरण मामले पर मुख्य सचिव से मांगी रिपोर्ट

**NEW DELHI :** दिल्ली के उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सिविल लाइंस स्थित आवास के नवीनीकरण पर 45 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए जाने से जुड़ी खबरों का संज्ञान लिया है। उन्होंने इससे जुड़े दस्तावेज सुरक्षित रखने और मामले की तथ्यात्मक रिपोर्ट 15 दिनों के भीतर पेश करने का आदेश दिया है। उप राज्यपाल ने दिल्ली के मुख्य सचिव से कहा है कि मीडिया रिपोर्टों पर ध्यान देते हुए और समय की संवेदनशीलता को देखते हुए मामले में सभी प्रासंगिक रिकॉर्ड तत्काल सुरक्षित किए जाएं। इसके बाद सभी विषयों की जांच कर मामले में एक तथ्यात्मक रिपोर्ट 15 दिनों के भीतर पेश की जाए। उल्लेखनीय है कि मीडिया रिपोर्टों के अनुसार मुख्यमंत्री केजरीवाल के आवास के नवीनीकरण पर 45 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए गए हैं। इसको लेकर विपक्षी पार्टी भाजपा मुख्यमंत्री पर भ्रष्टाचार और सरकारी धन के बेजा इस्तेमाल का आरोप लगा रही है।

### प्रियंका ने किया महिला पहलवानों की मांग का समर्थन, जंतर-मंतर पहुंचीं


महिला पहलवानों से बात करती कांग्रेस महासचिव प्रियंका। ● द फोटोन न्यूज

**NEW DELHI :** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी आज (शनिवार) सुबह धरना दे रही महिला पहलवानों से मिलने जंतर-मंतर पहुंचीं। उन्होंने कहा कि इन खिलाड़ियों ने भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इसकी जांच होनी चाहिए। बृजभूषण सिंह को तुरंत पद से हटाया जाना चाहिए। प्रियंका ने कहा कहा कि देश की यह बेटियां मेडल जीतकर आती हैं तो सब गर्व करते हैं। आज वह न्याय के लिए सड़क पर बैठी हैं तो कोई सुनने को तैयार नहीं। इसलिए आरोपित को पद से हटाया जाए। दिल्ली पुलिस एफआईआर की कॉपी इन लोगों को उपलब्ध कराए। उल्लेखनीय है कि कुछ महिला पहलवानों ने बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को इसकी गूंज हुई। तब दिल्ली पुलिस ने रात को बृजभूषण के खिलाफ दो एफआईआर कनॉट प्लेस थाने में दर्ज की हैं। इन पहलवानों का जंतर-मंतर पर धरना-प्रदर्शन जारी है। उनकी मांग है कि बृजभूषण शरण को पद से हटाकर जेल भेजा जाए।

### बृजभूषण शरण सिंह को पद से हटाए मोदी सरकार : कांग्रेस

**NEW DELHI :** कांग्रेस ने मांग की है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद बृजभूषण शरण सिंह को सभी पदों से हटाया जाए। कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर महिला खिलाड़ियों ने योनि शोषण के गंभीर आरोप लगाए हैं। ऐसे में सिंह को भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष सहित सभी पदों से हटा देना चाहिए। हुड्डा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। अब पुलिस को फौरन आरोपित को गिरफ्तार करना चाहिए। जिससे वह किसी पर दबाव न बना सके। उन्होंने कहा कि बृजभूषण शरण सिंह पर 40 से ज्यादा मुकदमें चल रहे हैं। ऐसे में हमारी मांग है कि आपराधिक प्रवृत्ति के इस व्यक्ति को दिल्ली पुलिस गिरफ्तार करे ताकि निष्पक्ष जांच हो सके। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी आज सुबह धरना दे रही महिला पहलवानों से मिलने जंतर-मंतर पहुंचीं। उन्होंने इस दौरान कहा कि इन खिलाड़ियों ने भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इसकी जांच होनी चाहिए। बृजभूषण सिंह को तुरंत पद से हटाया जाना चाहिए। देश की यह बेटियां जब मेडल जीतकर आती हैं तो सब गर्व करते हैं। आज वह न्याय के लिए सड़क पर बैठी हैं तो कोई सुनने को तैयार नहीं। कुछ महिला पहलवानों ने बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं।

Daily THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
www.thephotonnews.com
Sunday, 30 April 2023

# रिंग रोड में अलकतरा टैंकर ब्लास्ट, मजदूर के उड़े चिथड़े

## दो गंभीर रूप से घायल, धमाके से दहल उठा इलाका, अफरा-तफरी

**CRIME REPORTER RANCHI :** रांची के चुट्टू रिंग रोड स्थित वेल्डिंग गैरज में शनिवार को अलकतरा से भरा टैंकर ब्लास्ट हो गया। इसमें गैरेज में काम करने वाले मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक का नाम संजू भौमिक है। जबकि घायलों में मोइनुद्दीन और माणिक शामिल हैं। संजू भौमिक की शरीर के चिथड़े उड़ गए। कई टुकड़ों में बंटकर शरीर के अंग इधर-उधर बिखर गए। मोइनुद्दीन का हाथ टूट गया है जबकि माणिक का पैर टूट गया है। जानकारी के अनुसार अलकतरा से भरा टैंकर खराब हो गया था। उसमें वेल्डिंग का काम भी करता था। टैंकर को शुक्रवार की शाम गैरज में लगा दिया गया था। शनिवार की सुबह तीनों युवक गैरेज पहुंचे और टैंकर में काम कराने लगे। इसी बीच संजू बैटरी लगाकर टैंकर को स्टार्ट करने लगा तभी शार्ट सर्किट से टैंकर में आग लग गई। संजू मौके से हटा पाता इससे पहले टैंकर ब्लास्ट हो गया। संजू के शरीर के कई टूकड़े हो गए और अन्य दोनों युवक भी जख्मी हो गए। टैंकर ब्लास्ट होने की आवाज इतनी जोरदार थी कि काफी दूर तक आवाज गई। गैरज में मौजूद अन्य कर्मचारी मौके से भाग खड़े हुए। काफी देर के बाद घटना स्थल पर लोग पहुंचे और दोनों घायलों को अस्पताल लेकर गए।



चुट्टू रिंग रोड स्थित वेल्डिंग गैरज में धमाके से क्षतिग्रस्त अलकतरा टैंकर। ● फोटोन न्यूज

**अलकतरा का पेस्ट होने की वजह टैंकर में बन गया था गैस :** पुलिस का कहना है कि टैंकर से अलकतार का पेस्ट लोड और अनलोड करने काम होता था। टैंकर में कुछ पेस्ट बचा हुआ था। इस वजह से टैंकर में गैस बन गया था। शार्ट सर्किट होने की वजह से पहले टैंकर के केबिन में आग लगी इसके बाद टैंकर के पीछे के हिस्से में आग पहुंची। अलकतरा का पेस्ट होने की वजह से आग ने कुछ ही पल में विकराल रूप धारण कर लिया। घटना की सूचना पाकर सदर डीएसपी और बीआईटी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का सामान्य किया।

## BRIEF NEWS

### रांची में दो अंत्योदय राशन कार्ड का लाभ उठा रहे परिवार को नोटिस



**RANCHI :** जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने एक ही परिवार में अवैध रूप से दो अंत्योदय (पीला) राशन कार्ड का लाभ उठाने वाले कार्डधारी को नोटिस जारी किया है। राहे प्रखंड के ग्राम सीमर टांड (कोलमा), लोवाहातु, निवासी फागु महतो को नोटिस जारी कर दो मई को कार्यालय में उपस्थित होकर पक्ष रखने को कहा गया है। फागु महतो के पास अन्त्योदय राशन कार्ड संख्या 202004854029 है। परिवार के एक और सदस्य अभिराम महतो के नाम से भी अंत्योदय राशन कार्ड संख्या 202004853748 है। फागु महतो के दो पुत्र झारखंड पुलिस में सरकारी सेवा में कार्यरत हैं। परिवार में दो चार पहिया वाहन है और एक मंजिला पक्का मकान भी है। अर्हता नहीं होने के बावजूद विगत वर्षों से सरकार द्वारा एनएफएसए -पीएमजीकेवाई के लिए आवंटित राशन सामग्री का उठाव किया जा रहा है, जो झारखंड लक्षित जन वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2017 की धारा 07 के विरुद्ध है तथा प्राप्त किये गये खाद्यान्न की राशि वसूलने एवं प्राथमिकी दर्ज करने का प्रावधान के अंतर्गत आता है ।

### रांची लोक अदालत में 37 मामलों का निष्पादन

**RANCHI :** रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में शनिवार को व्यवहार न्यायालय में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में सात बैंच का गठन किया गया। कुल 37 वादों का निष्पादन किया गया और पांच लाख 72 हजार 514 रुपये का निष्पादन विभिन्न केसों में किया गया।

### जलाशय बचाव पदयात्रा चार जून को

**RANCHI :** रांची में साल दर साल भू जलस्तर गिरता जा रहा है। हर साल कुआं, डैम, बोरिंग का पानी सूख जाता है। अतिक्रमण के कारण जलाशय कम होते जा रहे हैं। ऐसे में जलाशयों को बचाने के लिए शहर के विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और बुद्धीजीवी संगठन के लोग चार जून को रांची में पदयात्रा करेंगे। पदयात्रा कांके डैम के पश्चिमी छोर (फुटबॉल मैदान) से शुरू होकर रातू रोड, हरमू रोड होते हुए बड़ा तालाब, हरमू नदी, नामकुम स्वर्ण रेखा नदी तक निकाली जाएगी।

### कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों में 265 महिला शिक्षक की भर्ती होगी

**RANCHI :** झारखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों को 265 महिला शिक्षक जल्द मिल जाएंगी। नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। आवेदन पत्र लिए जा चुके हैं। कुछ जगह अभ्यर्थियों की नियुक्ति हो भी चुकी है। मगर अधिकांश जिलों में नियुक्ति प्रक्रिया जारी है। शिक्षा विभाग के सचिव के रवि कुमार ने बताया कि सभी जिलों को नियुक्ति प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया गया है। जिन जिलों में सभी पदों पर चयन नहीं हो पाएगा, वहां दोबारा विज्ञापन के जरिये चयन प्रक्रिया पूरी की जाएगी। सनद रहे राज्य के तकरीबन 203 कस्तूरबा विद्यालय हैं। इनके लिए 1015 शिक्षकों के पद स्वीकृत हैं। इनमें 750 पद भरे हुए हैं। 265 पद अभी रिक्त हैं।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

## रांची में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ छापेमारी, 15 आरोपी गिरफ्तार



**CRIME REPORTER RANCHI :** रांची जिला प्रशासन ने अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के रोकथाम के लिए शनिवार को जिले के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी अभियान चलाया। ओरमांझी, बुढ़मू, नगड़ी और बुण्डू क्षेत्र में की गयी कार्रवाई में 15 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही कई वाहनों को भी जब्त किया गया।

सदर एसडीओ के नेतृत्व में जिला खनन पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, ओरमांझी, खान निरीक्षक, ओरमांझी थाना पुलिस बल के संयुक्त रूप से ओरमांझी थाना में अवैध खनन परिवहन और भंडारण के रोकथाम के लिए छापेमारी अभियान चलाया गया। साथ ही अवैध परिवहन में शामिल सात वाहनों को जब्त भी किया गया। जब्त वाहनों को ओरमांझी थाना को सुपुर्द करते हुए प्राथमिकी भी दर्ज की गई है।

बुढ़मू थाना क्षेत्र के मौजा छापर में 40 हजार घनफीट बालू स्टॉक पाया गया। इसे जब्त कर बुढ़मू थाना को नीलामी की अग्रतर कार्रवाई के लिए सौंपा गया। अवैध परिवहन में संलिप्त तीन हाइवा, दो ट्रैक्टर को जब्त किया गया। इसी क्रम में नगड़ी में छापेमारी के दौरान अवैध परिवहन में संलिप्त तीन हाईवा, एक टर्बो को जब्त कर नगड़ी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। बुंडू में दो ट्रैक्टरों को जब्त किया गया जबकि सोनाहातु में 30 हजार घनफीट अवैध बालू स्टॉक एवं मौजा-जाडियामोड़ में 15 हजार घनफीट अवैध बालू स्टॉक को जब्त कर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## RPF ने 3.45 लाख का गांजा जब्त किया

**CRIME REPORTER RANCHI :** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) हटिया और आरपीएफ रांची मंडल की फ्लाइंग टीम ने 28 किलो गांजा जब्त किया है। जब्त गांजा की कीमत 3.45 लाख बताया गया है। आरपीएफ के असिस्टेंट सिक्योरिटी कमिश्नर पवन कुमार ने शनिवार को बताया कि हटिया रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या एक पर चेकिंग के दौरान दो पैकट को संदेहास्पद स्थिति में प्लेटफार्म पर पड़ा देखा। चेक करने पर उसके अंदर 28 किलो गांजा पाया गया। गांजा की कीमत 3.45 लाख आंकी गई जब्ती सूची बनाकर जीआरपी हटिया को अगली कार्यवाही के लिए सौंप दिया गया। जांच दल में उपनिरीक्षक दीपक कुमार, उपनिरीक्षक सूरज राजबंशी सहायक उपनिरीक्षक शक्ति सिंह सहित अन्य शामिल थे।



जब्त गांजे के साथ पुलिस टीम। ● फोटोन न्यूज

## लोकेश चौधरी सहित अन्य आरोपियों के बयान दर्ज

### अग्रवाल बंधु हत्याकांड

**PHOTON REPORTER RANCHI :** अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत में अग्रवाल बंधु हत्याकांड के मुख्य आरोपित लोकेश चौधरी सहित अन्य आरोपितों का बयान अदालत में दर्ज हुआ। लोकेश चौधरी को शनिवार को अदालत में पेश किया गया। इस दौरान केस से जुड़े अन्य आरोपितों लोकेश के बॉडीगार्ड सुनील कुमार सिंह, धर्मेंद्र तिवारी और चालक शंकर के भी बयान दर्ज हुआ।

उल्लेखनीय है कि छह मार्च 2019 को अरगोड़ा के एक न्यूज चैनल के ऑफिस में हेमंत अग्रवाल और महेंद्र अग्रवाल दोनों भाई की हत्या गोली मार कर की गयी थी। पुलिस के अनुसार दोनों व्यवसायी बैग में मोटी रकम लेकर लोकेश को पहुंचाने गये थे। लेकिन लोकेश और एमके सिंह ने पहले से रुपये हड़पने की योजना तैयार कर रखी थी। योजना के तहत ही एमके सिंह ने लोकेश चौधरी के बॉडीगार्ड धर्मेंद्र तिवारी के साथ खुद को आइबी का अधिकारी बताते हुए लोकेश चौधरी के ऑफिस में रेड किया और दोनों व्यवसायियों के रुपये जब्त कर लिये। इस संबंध में अरगोड़ा थाना के प्राथमिकी दर्ज हुई है। लोकेश नौ मार्च 2020 अदालत में सरेंडर किया था।



न्यायालय के बाहर सुरक्षा में तैनात सुरक्षाकर्मी। ● फोटोन न्यूज

## बकोरिया कांड : सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट की कॉपी के लिए मृतक के पिता ने दिया आवेदन

**PHOTON REPORTER RANCHI :** पलामू जिला के सतबरवा थाना क्षेत्र के बकोरिया में आठ जून 2015 को हुई बहुचर्चित कथित पुलिस नक्सली मुठभेड़ केस में मृतक उदय यादव के पिता जवाहर यादव ने सीबीआई कोर्ट में आवेदन दाखिल किया है। शनिवार को इस केस की सुनवाई के लिए सीबीआई की स्पेशल कोर्ट में तारीख मुकर्रर थी, लेकिन किसी वजह से केस की सुनवाई नहीं हो पायी। अब इस केस की अगली सुनवाई 30 मई को होगी। शनिवार को जवाहर यादव द्वारा कोर्ट में आवेदन देकर सीबीआई की ओर से दाखिल की गई क्लोजर रिपोर्ट की कॉपी मांगी गई। जवाहर यादव मुठभेड़ में मारे हुए उदय यादव के पिता हैं।

उल्लेखनीय है कि बकोरिया में आठ जून 2015 को हुई कथित पुलिस-नक्सली मुठभेड़ के मामले में सीबीआई दिल्ली ने प्राथमिकी दर्ज की थी। यह प्राथमिकी झारखंड हाई कोर्ट के 22 अक्टूबर 2018 को दिए आदेश पर दर्ज की गयी थी। इस घटना में पुलिस ने 12 नक्सलियों को मुठभेड़ में मारने का दावा किया था। मृतकों के परिजनों ने इसे फर्जी मुठभेड़ बताते हुए हाई कोर्ट में सीआईडी की जांच पर सवाल उठाते हुए सीबीआई जांच की मांग की थी। सीबीआई ने पलामू के सदर थाना कांड संख्या 349/2015, दिनांक 09 जून 2015 के केस को टेकओवर करते हुए प्राथमिकी दर्ज की थी। मुठभेड़ में मारे गए 12 लोगों में सिर्फ डॉक्टर आरके उर्फ अनुराग के अलावा किसी का कोई नक्सल रिकॉर्ड नहीं था। सीबीआई ने 19 अप्रैल को मामले क्लोजर रिपोर्ट सौंपी थी।

## मुख्य सचिव सुखदेव सिंह के निर्देश पर खुले कई विभाग

**PHOTON REPORTER RANCHI :** राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह के निर्देश के बाद शनिवार को भी सचिवालय के अधिकांश विभाग खोले गए। बजट शाखा के अतिरिक्त सभी कार्यालयों को खुला रखा गया। अधिकारियों व कर्मियों को सामान्य दिनों की तरह कामकाज पर बुलाया गया है। कार्यालय खोलकर विभिन्न योजनाओं की राशि रिलीज की गयी।

विभाग ने विजिट पर गये अनुसमर्थन दल की पूरी टीम को भी मुख्यालय में बुला लिया है और उन्हें योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए बजटीय राशि को आवश्यकता आधार पर रिलीज करने की दिशा में कार्य करने को कहा है। पीएम आवास, मनरेगा, जलछाजन सहित अन्य योजनाओं के लिए राशि दी गयी। यह स्थिति सचिवालय के अन्य विभाग पथ निर्माण, नगर विकास विभाग सहित अन्य सभी वर्क्स विभागों में भी था। मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने सभी विभागों को 30 अप्रैल तक हर हाल में आवश्यकता आधारित राशि का आवंटन करने को कहा है।

## हत्या के आरोप में प्रेमी गिरफ्तार

**CRIME REPORTER RANCHI :** रांची के अनगड़ा थाना क्षेत्र के कनकटा पांडू टुंगरी जंगल से युवती के अज्ञात शव बरामदगी मामले में युवती की शिनाख्त करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित का नाम सुनीत महतो बताया गया है। पुलिस जांच में यह पता चला कि मंजू की हत्या उसके ही प्रेमी सुनीत महतो ने की है। सुनीत महतो ने मंजू की हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। सुनीत महतो ने पुलिस को बताया है कि मंजू और वह दोनों एक साथ बेंगलुरु में नौकरी करते थे। दोनों की मुलाकात हुई और धीरे-धीरे प्यार हो गया। इस दौरान दोनों साथ में ही रहा करते थे। घरवालों के बुलाने पर सुनीत मंजू को छोड़कर बेंगलुरु से भागकर रांची आ गया और मोबाइल बंद कर दिया। मंजू भी रांची आ गई। वह सीधे सुनीत के अनगड़ा स्थित घर पहुंच गई और उसपर शादी का दबाव डालने लगी। इसी को लेकर सुनीत ने मंजू की हत्या कर दी। थाना प्रभारी ने बताया कि एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि शुक्रवार की रात अनगड़ा पुलिस ने एक अज्ञात युवती का शव बरामद किया था। युवती की पहचान नहीं हो सकी थी। युवती की शिनाख्त खलारी निवासी मंजू के रूप में की गयी।

### खबरें हाईकोर्ट व ईडी कोर्ट की

## 7 से 10वीं जेपीएससी परीक्षा में दिव्यांगों के लिए आरक्षित सीट को लेकर हुई सुनवाई

**SPECIAL REPORTER RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस राजेश शंकर की कोर्ट में शनिवार को सातवीं से 10वीं जेपीएससी परीक्षा में दिव्यांगों के लिए आरक्षित सात सीटों में से चार सीटों को दूसरे कैटेगरी के अभ्यर्थियों से भरने को लेकर दाखिल सदानंद कुमार एवं अन्य की याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले में जेपीएससी को तीन सप्ताह में जवाब दाखिल करने का अंतिम मौका देते हुए मामले की अगली सुनवाई 17 मई निर्धारित की है। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने मामले में जेपीएससी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था लेकिन उनकी ओर से जवाब अब तक नहीं आ सका। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने पैरवी की। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि सातवीं से दसवीं जेपीएससी परीक्षा में जो मेरिट लिस्ट आया उसमें से दिव्यांगों के लिए आरक्षित सात सीटों में से तीन सीटों को ही भरा गया। बाकी चार सीटों को दूसरे कैटेगरी के अभ्यर्थियों से भरा गया, जो राज्य सरकार के नियमावली के विरुद्ध है। नियमावली के अनुसार यह सभी सात सीटें दिव्यांगों अभ्यर्थियों से भरी जानी चाहिए थी। अगर एलिजिबल अभ्यर्थी नहीं मिलते तो दिव्यांगों की आरक्षित बची सीट को अगले साल के लिए कैरी-फॉरवर्ड किया जाना चाहिए था लेकिन जेपीएससी ने ऐसा नहीं किया।

### स्पोर्ट्स कोटा के मामले में राज्य सरकार और जेपीएससी को जवाब दाखिल करने का निर्देश

झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस डॉ एसएन पाठक की कोर्ट में शनिवार को पहली सीमित डिप्टी कलेक्टर परीक्षा-2005 में स्पोर्ट्स कोटा के अभ्यर्थियों को आरक्षण का लाभ नहीं देने को लेकर दाखिल कमलेश राय याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने राज्य सरकार और जेपीएससी को चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने पैरवी की। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया यह परीक्षा 2019 में ली गई थी। मार्च 2023 में रिजल्ट निकलने के बाद 50 सीटों में से 45 अभ्यर्थियों की नियुक्ति की गई। परीक्षा में 50 पदों में से ए सीट स्पोर्ट्स कोटा के लिए आरक्षित थी लेकिन इसके अभ्यर्थियों को आरक्षण का लाभ नहीं दिया गया। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि याचिकाकर्ता स्पोर्ट्स कोटा से आते हैं। अगर स्पोर्ट्स को कोटा के आरक्षण का लाभ उन्हें दिया जाता तो उनका चयन इस परीक्षा में हो जाता।

### ईडी कोर्ट ने वीरेंद्र राम सहित चार लोगों के खिलाफ दायर आरोप पत्र पर लिया संज्ञान

ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दायर आरोप पत्र पर ईडी कोर्ट ने संज्ञान लिया है। अब मामले में चारों आरोपितों के खिलाफ ट्रायल शुरू होगा। कोर्ट ने इन आरोपितों की उपस्थिति की तिथि 12 मई निर्धारित की है। इससे पूर्व 21 अप्रैल को वीरेंद्र राम, उनके भाई आलोक रंजन, वीरेंद्र राम की पत्नी राजकुमारी देवी और पिता गेंदा राम के खिलाफ ईडी की अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया गया था। यह आरोप पत्र ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में दायर हुआ है। बीते दिनों ईडी की टीम ने वीरेंद्र राम की 39.28 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की थी। जब्त की गई संपत्ति वीरेंद्र की ओर टेंडर में कमीशन से उगाही अर्जित की गई है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने बीते 22 फरवरी को आय से अधिक संपत्ति मामले में इंजीनियर वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था। इससे एक दिन पहले 21 फरवरी को ईडी ने पूर्व चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के 24 ठिकानों पर छापेमारी थी। छापेमारी के दौरान ईडी को लगभग डेढ़ करोड़ के आभूषण सहित देश के कई शहरों में करोड़ों के निवेश से जुड़े दस्तावेज बरामद किये थे। इस केस में ईडी वीरेंद्र राम के रिश्तेदार आलोक रंजन को भी गिरफ्तार कर चुकी है।

## राज्यपाल ने मोरहाबादी मैदान में इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर का किया उद्घाटन

# Trade Fair Manufacturing और Marketing का संगम : सीपी राधाकृष्णान

**PHOTON REPORTER RANCHI :** झारखंड चैंबर और जीएस मार्केटिंग एसोसिएट्स के संयुक्त तत्वावधान में मोरहाबादी मैदान में इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर का उद्घाटन शनिवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने किया।

राज्यपाल ने कहा कि ट्रेड फेयर मैन्यूफ्रेक्करिंग और मार्केटिंग का संगम है। यहां विभिन्न कंपनियों के उत्पादों को एक साथ देखने को मिलता है। इससे कंपनियों के उत्पादों को एक्सपोजर मिलता है। कंपनियां भी बाजार को जरूरत को समझते हुए उत्पादों को और बेहतर बनाती है। साथ ही व्यापार बढ़ाने और लोगों से मिलने का एक मौका मिलता है।

राज्यपाल ने झारखंड में स्टार्टअप को बढ़ावा देने की अपील करते हुए कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी ने मेक इन इंडिया और स्टार्टअप को बढ़ावा दे रहे हैं। झारखंड एक बड़ा मैन्युफैक्करिंग हब बनने की क्षमता रखता है। अगर यहां स्टार्टअप को प्रोत्साहित किया जाये, तो यह संभव है। झारखंड में कई संभावनाएं है। यहां मैन पावर भी है। झारखंड को मैन्युफैक्करिंग सेंटर बनाने में सहयोग करें। आठ देश और 15 राज्यों के 30 हजार से अधिक यूनिक प्रॉडक्ट्स के 400 स्टॉल्स लगाये गये हैं। कुछ स्टॉल अभी भी लग रही हैं। खरीदारी के दौरान आकर्षक योजनाएं सहित तीन हजार रुपये से अधिक की खरीदारी पर प्रत्येक ग्राहकों को एक निश्चित उपहार दिया जायेगा। वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने की कड़ी में ट्रेड फेयर में भाग लेने वाली एंटरप्रेन्योरशिप और स्टार्टअप कंपनियों को कई तरह की छूट मिलेगी।

कार्यक्रम में जीएस मार्केटिंग एसोसिएट्स की सीईओ सुपर्णा दत्ता गुप्ता ने कहा कि जीएस मार्केटिंग रांची में 2016 से ट्रेड फेयर लगा रही है। यह चौथा ट्रेड फेयर है। इस फेयर के माध्यम से एक ही छत के नीचे लोगों को अलग अलग देशों के प्रोडक्ट देखने और खरीदने का मौका मिल रहा है। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन महासचिव डॉ अभिषेक रामधीन ने दिया। ट्रेड फेयर 8 मई तक चलेगा।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, अमित शर्मा, सह सचिव रोहित पोद्दार, शैलेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुनील केडिया, प्रवक्ता ज्योति कुमारी, परेश गट्टानी, पूर्व अध्यक्ष अरुण बुधिया, मनोज नरेडी, पवन शर्मा, प्रवीण जैन छाबडा, विनय अग्रवाल, आरके सरावगी, विकास सिंह, सदस्यों में नवजोत अलंग, आनंद जालान, सोनी मेहता समेत अन्य सदस्य मौजूद थे।




कार्यक्रम में राज्यपाल व जीएस मार्केटिंग एसोसिएट्स की सीईओ सुपर्णा दत्ता गुप्ता व अन्य।

### ट्रेड फेयर व्यापारियों और उद्यमियों का मेला : किशोर मंत्री

उद्घाटन समारोह में चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि मेगा ट्रेड फेयर व्यापारियों और उद्यमियों का मेला है। कोरोना की वजह से तीन साल के बाद मेगा ट्रेड फेयर का आयोजन हो रहा है। रांचीवासियों की मांग पर मेगा ट्रेड फेयर लगाया गया है। मेगा ट्रेड फेयर रांची के अलावा झारखंड के अन्य जिलों में लगे, ताकि लोग अधिक से अधिक लाभांन्वित हो। उन्होंने कहा कि पूर्णरूपेण वातानुकूलित कुल नौ हैंगर में होम एंड डेकोर, रियल इस्टेट, फर्नीचर, इलेक्ट्रिकल्स एंड इलेक्ट्रॉनिक, ऑटोमोबाइल, फर्नीचर, उद्योग सहित विभिन्न उत्पादों के स्टॉल लगाये गये हैं। सरकारी और निजी कंपनियों के अलावा अंतरराष्ट्रीय देश जैसे थाईलैंड, बांग्लादेश , म्यांनमार, इजिप्ट, अफगानिस्तान, ईरान सहित 9 देशों से भी विभिन्न कंपनियों के व्यापारी अपने उत्पादों का स्टॉल लगाये हैं।

BRIEF NEWS

### पलामू में यौन शोषण के दो आरोपित गिरफ्तार

**PALAMU :** नावा बाजार थाना प्रभारी दीपक कुमार दास ने अपहरण और यौन शोषण की दो अलग-अलग घटनाओं में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी के अनुसार शनिवार को विशाल कुमार (23) और गोविंद विश्वकर्मा (25) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। एक और आरोपित सुनील सिंह फरार है। यह दोनों घटना गांव के ही लड़की के साथ अंजाम दिया गया है। भुक्तभोगी लड़की ने लिखित आवेदन थाना में दिया है। जांचोपरांत कार्रवाई की गई है।

### स्वच्छता पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ

**HAZARIBAGH :** जिले में शनिवार से 15 मई, 2023 तक चलने वाले स्वच्छता पखवाड़ा अभियान का शुरूआत समाहरणालय सभागार से किया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन कर अभियान संबंधी कई विस्तृत जानकारियां दी गई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त दीक्षित ने कहा कि जिले में ग्राम स्तर पर ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन, जल संरक्षण, पेयजल का उचित उपयोग, पेयजल की गुणवत्ता परीक्षण के संदर्भ में आमजनों को एक पखवाड़ा तक जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत पेयजल स्वच्छता विभाग के साथ साथ मनरेगा एवं 15 वें वित्त के माध्यम से आवश्यकतानुसार विभिन्न प्रकार संरचना आदि का निर्माण किया जाएगा।

### अज्ञात वाहन ने खैरा मांझी द्वार को किया क्षतिग्रस्त, सड़क जाम

**RAMGARH :** मेन रोड पतरातू स्थित खैरा मांझी द्वार को अज्ञात वाहन द्वारा क्षतिग्रस्त करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले को ले कांग्रेसियों द्वारा खैरा मांझी चौक के पास शनिवार को सड़क जाम कर दिया गया। जिससे कारण सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। ज्ञात हो कि झारखंड के पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव ने झारखंड के स्वतंत्रता सेनानी सह बड़कागांव विधानसभा के प्रथम विधायक स्व. खैरा मांझी के याद को ताजा रखने व उनके मान-सम्मान को ले खैरा मांझी द्वार का निर्माण कराया था। जिसे बीती रात्रि किसी अज्ञात वाहन द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया। जिसे लेकर कांग्रेसियों ने सड़क को घंटों के लिए जाम कर दिया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातू के हस्तक्षेप के बाद वार्ता और खैरा मांझी द्वार पुनः बनाने के सकारात्मक आश्वसन के बाद कि जाम को हटा लिया गाया। मौके पर कांग्रेस के पतरातू प्रखंड अध्यक्ष सुजीत पटेल, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, युवा कांग्रेस के बड़कागांव विधानसभा अध्यक्ष जयंत तूरी, विधायक प्रतिनिधि राजकिशोर पांडेय उर्फ राजू पांडे, संजय सिंह, नईम अंसारी, याकूब राय, मुकेश सिंह, रमेश बेदिया, तिलेश्वर साव, देव कुमार बेदिया आदि मौजूद थे।

### डीआरएम ने हजारीबाग रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

**HAZARIBAGH :** डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने शनिवार को हजारीबाग रेलवे स्टेशन के कटकमदाग के बानादाग साइडिंग का निरीक्षण किया। साथ ही परिसर, रेलवे क्वार्टर, बुकिंग काउंटर जीआरपीएफ बैरक की स्थिति का भी जायजा लिया। इस दौरान रेल यात्रियों तथा रेलवे कर्मियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने एवं सुरक्षा को लेकर अधिकारियों को कई निर्देश दिए। डीआरएम ने बताया कि सेफ्टी प्रोग्राम के तहत निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान यहां रेल के पटरियों को देखा। डीआरएम ने अधिकारियों को निर्देश देने के साथ यात्री सुविधाओं पर जोर देने की बात कही। हजारीबाग में वंदे भारत ट्रेन के बारे में पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल पर डीआरएम ने बताया कि हटिया पटना वाया हजारीबाग के लिए अभी कोई अधिकारिक पुष्टि नहीं है।

# DUMKA में दहेज हत्या के दोषी पति को दस और सास को सात साल की सजा

**PHOTON NEWS DUMKA**

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, द्वितीय राकेश कुमार मिश्रा की अदालत ने शनिवार को हंसडीहा थाना क्षेत्र के नोनीहाट में वर्ष 2017 में दहेज के लिए 28 साल की रेशमी देवी की हत्या में दोषी पाते हुए पति प्रवीण साह को दस और सास मनोरमा देवी को सात साल की सजा सुनाई है। साथ ही जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना की राशि 5-5 हजार नहीं देने पर छह माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

जानकारी के अनुसार देवघर जिला के जसीडीह थाना क्षेत्र के रोहिणी की रहने रेशमी देवी की शादी 2012 में नोनीहाट निवासी पारा शिक्षक प्रवीण कुमार साह के साथ हुई थी। शादी में अच्छा खासा दान दहेज देने के बाद भी ससुराल वाले पांच लाख की मांग कर रेशमी को प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता ने जब उनकी मांग पूरी करने में असमर्थता जताई तो और प्रताड़ना का सिलसिला और बढ़ गया।




छह अगस्त 17 को प्रवीण ने साले रौशन साह को फोन कर बताया कि उसकी बहन की तबीयत खराब है। रौशन जब ससुराल गया तो बहन मृत पड़ी हुई थी। रौशन की सूचना पर हंसडीहा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लिया। पुलिस ने भाई के बयान पर पति व सास के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज किया। पति को गिरफ्तार किया गया। अदालत में 9 गवाहों का बयान दर्ज हुआ। लोक अभियोजक चंपा कुमारी व बचाव पक्ष की वकील सोमा गुप्ता की बहस सुनने के बाद अदालत ने मां-बेटे को दहेज के लिए दोषी करार देकर सजा सुनाई।

## BOKARO में दहेज हत्या के दोषियों को कारावास की सजा

**PHOTON NEWS BOKARO**

जिला स्थित तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के जिला जज द्वितीय अनिल कुमार ने दहेज हत्या के दोषी पति को 10 वर्ष, ससुर और सास 7 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

उल्लेखनीय है कि गिरिडीह जिला अंतर्गत बगोदर थाना क्षेत्र निवासी राजू रजक ने नावाडीह थाना में मामला दर्ज कराया था कि उसकी बहन पुष्पा देवी की शादी नावाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत बोदरो निवासी संतोष रजक के साथ 2013 में हुई थी। शादी के बाद ससुराल में उसके पति संतोष रजक, ससुर विसुन रजक और सास कारी देवी के साथ ससुराल वाले दहेज को लेकर हमेशा प्रताड़ित करते थे।

23 मार्च, 2019 को फोन पर जानकारी मिली कि उसकी बहन की तबीयत बहुत खराब है। सूचना पर बहन के ससुराल पहुंचा तो देखा कि घर में कोई आदमी नहीं है। उसकी बहन पुष्पा देवी मृत पड़ी हुई है। गले पर लाल और काला का रंग का निशान और नाखून का दाग नजर आया। इसे देखने के बाद उसे पूरा विश्वास हो गया कि उसकी बहन की हत्या हुई है।


आरोपी ससुर और पति को जेल ले जाती पुलिस। ● द फोटोन न्यूज

आरोप पत्र समर्पित होने के बाद मामला स्थानांतरित होकर तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के जिला जज द्वितीय अनिल कुमार की अदालत में आया। न्यायालय में उपलब्ध गवाहों के बयान एवं उभय पक्षों के अधिवक्ताओं के बहस सुनने के बाद जिला जज ने दहेज हत्या के आरोपितों को सिद्ध दोषी पाया।

## बनखेता में ध्वस्त किए गए दो अवैध क्रशर, खनन विभाग ने की कार्रवाई

### दोनों क्रशर के मालिक और कर्मचारियों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज

**PHOTON NEWS RAMGARH**

रामगढ़ थाना क्षेत्र के चुटूपालू घाटी के समीप बनखेता में दो अवैध क्रशर का संचालन हो रहा था। दोनों क्रशर के खिलाफ खनन विभाग ने कार्रवाई की है और उन्हें ध्वस्त कर दिया है। इन दोनों क्रशर से खनन विभाग ने 8500 सीएफटी स्टोन चिप्स भी जब्त किया है।

इस मामले में खान निरीक्षक विनोद प्रमाणिक ने शनिवार को रामगढ़ थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। इस प्राथमिकी में उन्होंने बताया है कि बनखेता इलाके में नानक ढाबा के समीप के रहने वाले प्रेम सिंह और राजू पांडे के द्वारा दोनों अवैध क्रशर का संचालन किया जा रहा था। खान निरीक्षक ने यह भी कहा है कि दंडाधिकारी प्रभाष कुमार दत्ता और रामगढ़ थाने के सब इंस्पेक्टर रौशन कुमार की मौजूदगी में जब छापेमारी की गई तो दोनों क्रेशर के मुंशी, कर्मचारी और मालिक भाग खड़े हुए। जांच के दौरान यह भी स्पष्ट हुआ है कि जिस स्थान पर अवैध क्रशर का संचालन हो रहा था उसका ना तो सीटीओ लिया गया था और ना ही कोई अन्य दस्तावेज दुरुस्त थे। अवैध तरीके से पत्थरों को लाकर वहां स्टोन चिप्स बनाया जा रहा था, जिससे विभाग को लगभग एक लाख के राजस्व की क्षति भी हुई है।

### औचक निरीक्षण के दौरान जप्त किया गया बालू लदा ट्रैक्टर


जब्त किया गया ट्रैक्टर। ● द फोटोन न्यूज

शनिवार को औचक निरीक्षण के दौरान जिला खान पदाधिकारी नितेश कुमार गुप्ता ने एक बालू लदा ट्रैक्टर जब्त किया है। इस संबंध में उन्होंने रामगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है। जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान बालू लदा ट्रैक्टर को छोड़कर चालक फरार हो गया। जांच के क्रम में पाया गया कि वह अवैध तरीके से खनन था लाया जा रहा था। डीएमओ ने ट्रैक्टर के मालिक और चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है।

## लोक अदालत में 12 मामलों का निष्पादन, 12 लाख का सेटलमेंट

**PHOTON NEWS KHUNTI**

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में शनिवार को व्यवहार न्यायालय में लोक अदालत सह मध्यस्थता विषय पर विशेष कानूनी जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डालसा के सचिव मनोरंजन कुमार ने कहा कि सभी सुलहनीय और दीवानी मामले को न्यायालय मध्यस्थता के माध्यम से सुलह कराता है। लोक अदालत में विभिन्न मामलों के निष्पादन के लिए तीन बैंचों का गठन कर न्यायालय में लंबित मामलों तथा प्रीलिटिगेशन से संबंधित मामलों का निस्तारण किया गया।

डालसा सचिव ने बताया कि लोक अदालत में 12 मामलों का निष्पादन किया गया और दो लाख 28 हजार 88 रुपये राशि का सेटलमेंट किया गया। इस अवसर पर जिला जज प्रथम संजय कुमार, जिला जज द्वितीय सत्यकाम प्रियदर्शी, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सत्यपाल, एसडीजेएम दिनेश बाउरी, न्यायिक दंडाधिकारी तुषार आनंद, स्थायी लोक अदालत के सदस्य, डालसा के स्टाफ अनीश भारद्वाज डालसा के पीएलवी नरेश कुमार महतो, अंजू कच्छप आदि उपस्थित थे।



चेक प्राप्त करते पक्ष्यकार ● द फोटोन न्यूज

## मेदिनीनगर जिला स्तरीय कार्यशाला में तरल कचरा प्रबंधन पर विशेष फोकस

**PHOTON NEWS PALAMU**

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत शनिवार को डीआरडीए के सभागार में उप विकास आयुक्त रवि आनंद की अध्यक्षता में स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में डीडीसी के अलावे सिविल सर्जन, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता, पेयजल विभाग के सभी अभियंता, सभी ब्लॉक कोऑर्डिनेटर समेत सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों ने भाग लिया।

स्वच्छता पखवाड़ा अभियान अंतर्गत जिले में 29 से 15 मई तक विशेष अभियान चलाया जायेगा। इस क्रम में उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने संबंधित विभागों, सभी बीडीओ और सभी जल सहिया को अभियान को सफल बनाने के लिए विभिन्न निर्देश दिए हैं। इसके अंतर्गत स्वच्छता भारत मिशन पेयजल एवं स्वच्छता विभाग अंतर्गत ग्राम स्तरों पर ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन, गोबरधन, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन, मलीय कचरा प्रबंधन और माहवारी स्वच्छता प्रबंधन का कार्य अभिसरण के आधार पर किया जाना प्रस्तावित है।

ग्राम स्तर पर ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के आधार पर गांव को वन स्टार, थ्री स्टार और फाइव स्टार घोषित एवं सत्यापित किए जाने का प्रावधान है।



जिला स्तरीय कार्यशाला में उपस्थित अधिकारीगण। ● द फोटोन न्यूज

## पलामू लोक अदालत में 60 मामलों का निस्तारण

**PHOTON NEWS PALAMU**

पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में लोक अदालत का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे की अध्यक्षता में की गई। लोक अदालत में मामलों के निस्तारण के लिए 10 पीठों का गठन किया गया था। इसमें सुलह-समझौते के आधार पर 60 मामलों का निस्तारण किया गया। साथ ही सात लाख 71 हजार 870 रुपये का मामला सेटल हुआ।

मोटर एक्सीडेंट क्लेम केस में पलामू के प्रधान जिला व न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे ने एक पीड़ित परिवार को चार लाख रुपये का चेक प्रदान किया। पीठ संख्या दो में मामले का निस्तारण डीजे प्रथम संतोष कुमार व अधिवक्ता प्रदीप कुमार ने किया। इस पीठ में विद्युत विभाग के 30 मामलों का निस्तारण किया गया और दो लाख 94 हजार रुपये राजस्व की प्राप्ति हुई। पीठ संख्या चार में आनंदा सिंह एसीजेएम और अधिवक्ता शशि भूषण ने मामले का निस्तारण किया। इस पीठ में 26 आपराधिक मामलों का निस्तारण किया गया।

वन विभाग के 10 मामलों में चार लाख 14 हजार 600 रुपये राजस्व की प्राप्ति हुई। उत्पाद विभाग के सात मामलों में 52 हजार 400 रुपये राजस्व की प्राप्ति हुई। पीठ संख्या 9 में प्रीलिटिगेशन के चार मामलों का निपटारा किया गया, जिसमें एक लाख आठ हजार 70 रुपये का मामला सेटल हुआ।

इस मौके पर कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मार्तण्ड प्रताप मिश्रा ,डीजे अभिमन्यु कुमार, निशिकांत, सतीश कुमार मुंडा, अमित बंसल, मनोज कुमार, एलएडीसी डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, अधिवक्ता अजय कुमार पांडेय, पुष्कर राज, संजय कुमार सिन्हा, बीर बिक्रम बक्स रॉय, स्थाई लोक अदालत के सदस्य महिमा श्रीवास्तव के अलावा विभिन्न विभाग के अधिकारी-कर्मी और पक्षकार गण उपस्थित थे।


मामले के निष्पादन के बाद चेक सौंपते अधिकारी। ● द फोटोन न्यूज

### उपायुक्त सुशांत गौरव ने की गुमला में एक नई पहल की शुरूआत

## Cage Culture एवं अन्य नवाचारों से नीली क्रांति की ओर गुमला

**PHOTON NEWS GUMLA**

जिले के बसिया प्रखंड स्थित धनसिंह जलाशय पूर्व के वर्षों में उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र था । स्थानीय मत्स्य पालक मुख्यधारा से विमुख हो गए थे। रोजगार की तलाश में वे राज्य से पलायन कर रहे थे। ऐसी विषम परिस्थिति के बावजूद उपायुक्त सुशांत गौरव के जिले में आने के बाद उनके द्वारा एक नई पहल की शुरूआत की गई।

इसके लिए बसिया के धनसिंह जलाशय को चुना गया तथा नीली क्रांति अंतर्गत इंटेंसिव केज एक्वा कल्चर की नींव रखी गई। इस केज कल्चर की शुरूआत के बाद मत्स्य पालकों में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ । पिछले एक वर्ष में मत्स्य पालक जो लगातार अपने जीविकोपार्जन के लिए पलायन कर रहे थे, उसमें भी काफी कमी देखने को मिली एवं मत्स्य पालक पुनः मुख्यधारा से जुड़कर कर कार्य करने लगे।

उपायुक्त सुशांत गौरव की पहल से मात्स्यिकी क्षेत्र को एक नई पहचान देते हुए धनसिंह जलाशय में पांच सेल्फ हेल्प ग्रुप एवं एक मत्स्य जीवी सहयोग समिति का गठन किया गया। इसमें लगभग 400 से अधिक ग्रामीण परिवार प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं। एससीए मद से आकांक्षी जिला परियोजना के तहत करोड़ो की लागत से अधिष्ठापित केज एकवा कल्चर की शुरूआत अक्टूबर माह 2022 में किया गया, जिसमें मत्स्य पालन के लिए 12 बैटरी के 48 केज, हाई प्रोटीन युक्त मत्स्य आहार एवं केज रक्षा के लिए 6 केज हाउस का निर्माण किया गया।


केज कल्चर से किया जा रहा मछली पालन। ● द फोटोन न्यूज

जलाशय के केज में सुगमता पूर्वक आने एवं जाने के लिए एक मोटर बोट, 6 पैडल केज, मत्स्य पलकों को जलाशय के केज में सुरक्षित रूप से कार्य करने के लिए 50 लाइफ जैकेट, सुगमता पूर्वक नाव की आवाजाही के लिए पोंटून प्लेटफार्म का निर्माण किया गया। साथ ही 12 सोलर लाइट (प्रत्येक केज में 2 सोलर लाइट) का भी अधिष्ठापन किया गया है। इस केज में पिछले वर्ष अक्टूबर के माह में बीज संचयन का कार्य किया गया था। वर्तमान में मछलियों की औसतन वजन 600 से 700 ग्राम की हो गई है। आगामी दो माह के अंदर मछलियां बिक्री के लिए तैयार हो जाएंगी।

उल्लेखनीय है कि प्रत्येक केज में लगभग 4500 किलो मछली के उत्पादन होने की संभावना है। कुल 48 केज में 216000 किलो ग्राम मत्स्य उत्पादन की संभावना है। इसमें लगभग 2 से 3 करोड़ की नेट प्रॉफिट मत्स्य पालकों के समूहों को मिलेगी, जिसका उपयोग उक्त समूह अगले साइकिल के मत्स्य पालन के लिए करेंगे। साथ ही अपनी आर्थिक स्थिति को एक उन्नत प्रतिरूप देंगे।

इस दौरान उपायुक्त द्वारा तैयार मछलियों की बिक्री के लिए भी मार्केट लिंकेज तैयार कर लिया गया है। इस प्रकार के केज एक्वाकल्चर के अधिष्ठापन से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग जिसमें अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के समुदाय को स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं आजीविका का साधन उपलब्ध कराना जिला प्रशासन द्वारा एक बेहतरीन कदम है। इस पहल से न केवल उक्त समुदाय के लोगों के आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है, बल्कि पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने की दिशा में भी एक मजबूत कदम है।

इस केज कल्चर की सफलता के पश्चात जिले के अन्य जलाशयों में भी इस प्रकार के केज कल्चर को बढ़ावा देने के लिए कार्य किए जाने पर विचार किया जा रहा है। साथ ही जिले में मत्स्य पालन के क्षेत्र में राज्य योजना अंतर्गत तालाब एवं जलाशयों में बत्तख, मछली पालन, निजी क्षेत्र के तालाबों में झींगा पालन को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके अलावा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत मात्स्यिकी क्षेत्र में ग्रो आउट तालाब निर्माण ,बायोफ्लॉक तालाब निर्माण, बायोफ्लॉक टैंक निर्माण, फीस कियोस्क को भी काफी प्रोत्साहन दिया जा रहा है ।

## अवैध खनन के खिलाफ छापेमारी

**PHOTON NEWS GUMLA**

उपायुक्त सुशांत गौरव के निर्देश पर शनिवार को जिले के विभिन्न अंचलों से खनन विभाग एवं अंचल अधिकारियों ने अवैध खनन के खिलाफ छापेमारी की। एसडीओ सदर रवि जैन के देखरेख में की गई इस सघन छापेमारी का व्यापक प्रभाव देखने को मिला।

इस संबंध में जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि जिला टास्क फोर्स द्वारा की कार्रवाई अंतर्गत गुमला अंचल के मौजा-कुलाबिरा में भंडारित बालू मात्रा 337338.00 घनफीट बालू को जब्त कर नीलामी की प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी है। मौजा-खोरा में अवैध पत्थर उत्खनन करने वाले 04 नामजद व्यक्तियों तथा पत्थर लोड 01 ट्रैक्टर पर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

जिला खनन टास्क फोर्स के सदस्यों द्वारा गुमला अंचल के मौजा बरिसा में अवैध रूप से पत्थर परिवहन के बाबत 04 ट्रैक्टर एवं 01 ट्रैक्टर कम्प्रेशन ड्रील मशीन युक्त को जब्त कर अवैध पत्थर उत्खनन करने वाले तीन नामजद एवं अन्य अज्ञात व्यक्तियों पर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी। इसी प्रकार से भरनो समेत अन्य अंचलों में भी छापेमारी की कार्रवाई की गई।

## कोडरमा में अवैध बालू लदे 13 ट्रैक्टर जब्त

**PHOTON NEWS KODARMA**

जिला अंतर्गत जयनगर अंचल क्षेत्र के हिरोडीह, तेतरिया और तिलोकरी गांव में एवं चंदवारा अंचल क्षेत्र के कांटी और बाजपुर गांव के गोखाने नदी के समीप अंचलाधिकारी ओम बड़ाईक एवं अंचलाधिकारी राम रतन कुमार वर्णवाल ने शनिवार को बालू के अवैध खनन व कारोबार के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान हीरोडीह से 4, तेतरियाडीह से 3, तिलोकरी से 3 बालू लदे कुल 10 ट्रैक्टर को पकड़कर जयनगर थाना लाया गया।

अंचलाधिकारी जयनगर ने बताया कि अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। चंदवारा अंचल क्षेत्र के कांटी और बाजपुर गांव के गोखाने नदी के समीप से अंचलाधिकारी द्वारा अभियान चलाकर कुल 3 बालू लदे वाहनों को जब्त कर थाना तिलैया डैम ओपी कैंपस में सुरक्षित रखा गया है।

# आनंद मोहन को जेल भेजने के लिए जी कृष्णैया की पत्नी ने किया SC में आवेदन

**PHOTON REPORTER PATNA :** बिहार के बाहुबली पूर्व सांसद आनंद मोहन की परेशानी अब कम होती नहीं दिख रही है। मृतक डीएम स्व जी कृष्णैया की पत्नी टी उमा देवी ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने याचिका में बिहार सरकार के उस आदेश को रद्द करने की मांग की है जिसके माध्यम से उनके पति के हत्या के आरोप में उम्रकैद की सजा काट रहे आनंद मोहन जेल से बाहर आ गए थे। बता दें कि पहले भी उमा देवी ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा उम्रकैद की सजा काट रहे आनंद मोहन का जेल से छोड़ने का फैसला काफी गलत है। जी। कृष्णैया की हत्या 5 दिसंबर 1994 को हुई थी।




### दोषी को छूट देने का किया विरोध : वकील

जी कृष्णैया की पत्नी की एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड तान्या श्री ने बताया कि उन्होंने उमा देवी की तरफ से याचिका दायर की है। याचिका में स्व जी कृष्णैया की पत्नी ने अपने पति की हत्या के दोषी आनंद मोहन को छूट देने के आदेश का विरोध करते हुए अदालत का दरवाजा खटखटाया है। आनंद मोहन की रिहाई सुप्रीम कोर्ट के फैसलों के खिलाफ है और रिहाई का फैसला गलत तथ्यों के आधार पर लिया गया है।

### याचिका में क्या कहा गया

उमा देवी के द्वारा दायर याचिका में कहा गया है कि कानूनी तौर पर ये स्पष्ट है कि आजीवन कारावास का मतलब है कि दोषी को पूरे जीवन जेल के अंदर रहना होगा। इसे 14 वर्ष की सजा के रुप में नहीं देखा जा सकता है।

कानून के अनुसार आजीवन कारावास का अर्थ आखिरी सांस तक जेल में रहना होता है। किसी की हत्या के दोषी को अगर मौत की सजा दी गयी है तो उसे अलग-तरह से देखा जाना चाहिए। वह सामान्य आजीवन कारावास की सजा नहीं है। उसे सख्ती से लागू किया जाना चाहिए, न की किसी तरह की छूट दी जानी चाहिए।

## अगर आनंद मोहन निर्दोष तो CM रहते हुए क्यों नहीं की मदद

**PHOTON REPORTER PATNA :** राजद सुप्रीमो लालू यादव किडनी प्रत्यारोपण कराने के करीब सात महीने बाद पटना लौट आए हैं। लालू यादव के बिहार लौटते ही उनके धुर राजनीतिक विरोधी राज्यसभा सदस्य सुशील मोदी उन्हें घेरने में सक्रिय हो गए हैं।



भाजपा नेता सुशील मोदी ने कहा कि जब आईएएस अधिकारी जी कृष्णैया की हत्या हुई थी, उस समय लालू यादव मुख्यमंत्री थे, इसलिए वही बताएं कि यदि बाहुबली नेता और पूर्व सांसद आनंद मोहन निर्दोष थे, तो उन्होंने उस समय उनकी कोई मदद क्यों नहीं की? दलित आईएएस अधिकारी की ड्यूटी के दौरान दिनदहाड़े हुई हत्या की यह जघन्य घटना लालू राज के डरावने दिनों की याद दिलाती है। उस दौर में दलितों के, हत्या और व्यवसायियों के अपहरण की घटनाएं आम थीं।

मोदी ने कहा कि आनंद मोहन के मामले में लालू-राबड़ी सरकार ने सेशन कोर्ट से हाईकोर्ट तक उनकी रिहाई का विरोध किया था। आज यही लोग उनकी रिहाई के लिए जेल कानून को बदल रहे हैं।

मोदी ने सवाल किया है कि साल 2005 तक राजद की सरकार थी। तब क्यों नहीं आनंद मोहन को निर्दोष बताने की कोशिश की गई? इसका जवाब तो लालू प्रसाद ही दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज चुनावी लाभ के लिए लाखों सरकारी कर्मचारियों की सुरक्षा को ताक पर रखकर राजद-जदयू की सरकार दुर्दांत अपराधियों को रिहा कर रही है।

## भारत बनेगा पाकिस्तान-फेसबुक पर लिखने वाला संदिग्ध गिरफ्तार

**PHOTON REPORTER PURNIYA :** भारत पाकिस्तान बनेगा जैसे आपत्तिजनक भाषा फेसबुक आईडी पर लिखने वाला पूर्णिया के युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सदर एसडीपीओ पुष्कर कुमार के नेतृत्व में सदर थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बेगम बाद कालीगंज निवासी रोनी अहमद उर्फ शकील अहमद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। 24 घंटे से पुलिस की टीम के द्वारा इस मामले में अनुसंधान कर रही थी। प्रथम दृष्टया मामले की पुष्टि होने के बाद आरोपी युवक को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस की टीम को बरगलाने के लिए आरोपी युवक फेसबुक आईडी हैक होने की बात लगातार कह रहा था। लेकिन तकनीकी अनुसंधान में इस तरह की कोई बात सामने नहीं आने के पश्चात आरोपी को मौके पर से ही गिरफ्तार कर उनका मोबाइल को भी जब्त कर लिया गया है।

**स्क्रीनशॉट से मिला सुराग :** इस मामले को लेकर कई अन्य बिंदुओं पर भी पुलिस की टीम के द्वारा अनुसंधान शुरू कर दी गई है। पुलिस की टीम को पूर्व के भी कई स्क्रीनशॉट मिले हैं । जिसमें युवक के द्वारा आपत्तिजनक पोस्ट लिखा गया था। किसके सह पर लगातार युवक इस तरह के आपत्तिजनक पोस्ट फेसबुक आईडी पर लिख रहा था। इस तरह के तमाम कुंडली को निकालने का काम पुलिस की टीम जुट गई है।

## विपक्ष को एक मंच पर लाने की कोशिश : नीतीश

**PHOTON REPORTER PATNA :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार केंद्र सरकार के खिलाफ लोकसभा चुनाव 2024 में विपक्ष को एक मंच पर लाने की लगातार कोशिश कर रहे हैं। हाल ही में, उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मुलाकत की थी। इस दौरान उनके साथ, बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव (ळींरॅ्द्व ंि५) भी थे। वहीं, अब सीएम ने विपक्षी एकता को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने एकजुट विपक्ष की बैठक पर पूछ सवाल का जवाब देते हुए कहा कि हमारी सभी लोगों से बातचीत हुई है। कुछ अन्य लोगों से बातचीत अभी बाकी है। उसके बाद तय होगा कि कहां पर बैठक होगी। अभी पार्टियां कर्नाटक चुनाव में व्यस्त हैं।




पत्रकारों से बातचीत करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार। द फोटोन न्यूज

### दिल्ली में कई पार्टी ने प्रमुख से की थी मुलाकात

हाल ही में, नीतीश कुमार तीन दिनों के दिल्ली प्रवास पर गए थे। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ राहुल गांधी से भी मुलाकात की थी। इसके साथ ही, सीताराम येचुरी, अरविंद केजरीवाल समेत कई कई पार्टियों के प्रमुख से उन्होंने मुलाकत करके एक मंच पर आने का आवाह्न किया था। इस दौरान नीतीश कुमार ने साफ कहा कि वो केवल विपक्ष को एकजुट करना चाहते हैं। उनकों अपने लिए कुछ नहीं चाहिए। बता दें कि नीतीश कुमार ने कई बार प्रधानमंत्री पद पर अपनी दावेदारी से भी इंकार किया है।

### लालू के बिहार आने से गर्म हुई राजनीति

राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद शुक्रवार को पटना पहुंच गए हैं। करीब नौ महीने बाद वो बिहार पहुंचे हैं। उनके बिहार पहुंचते ही, विपक्षी एकता को और नीतीश कुमार की मुहिम को बड़ा बल मिला है। लालू के पटना पहुंचते ही, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के सरकारी आवास पर आकर उनसे मुलाकात की। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सबसे पहले उनकी सेहत की जानकारी ली। इसके अलावा अनौपचारिक राजनीतिक विमर्श भी हुआ। मुलाकात के दौरान लालू प्रसाद बेहद सहज दिखे। हालांकि, लालू के बिहार आने मात्र से राजनीति गर्म हो गयी है।

### सासाराम हिंसा : BJP नेता की गिरफ्तारी पर नीतीश कुमार की दो टूक
## जो गलत काम करेगा, उसको जेल जाना पड़ेगा

**PHOTON REPORTER PATNA :** बिहार में रामनवमी के जुलूस पर सासाराम में शुरू हुई हिंसा के मामले में दोषियों पर सरकार के द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। मामले की जांच के बाद, शनिवार को बिहार पुलिस ने दो और लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनमें एक भाजपा के पूर्व विधायक जवाहर प्रसाद भी शामिल हैं। इनके अलावा पुलिस ने मोहम्मद शाहनवाज आलम को गिरफ्तार किया है। बीजेपी नेता की गिरफ्तारी के बाद बिहार हिंसा को लेकर राजनीतिक एक बार फिर से गर्म हो गयी है। इस बीच सीएम नीतीश कुमार ने साफ कह दिया है कि जो गलत काम करेगा, उसको जेल जाना पड़ेगा।



**क्या बोले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार :** नीतीश कुमार ने बिहार में रामनवमी पर नालंदा के बिहारशरीफ और सासाराम में हुई हिंसा मामले में गिरफ्तारी पर बोलते हुए कहा कि घटनाओं में दोषी चाहे कोई भी हो, चाहे किसी भी दल का हो, उनके ऊपर कार्रवाई होगी। पुलिस अपना काम कर रही है। ये सभी लोग जानते हैं कि हम किसी को पकड़ने या छोड़ने के लिए नहीं कहते हैं। किसी भी घटना के बाद सभी चीजों को देखा जाता है। इसके बाद पुलिस एक्शन ले रही है। हमारी सरकार किसी को फंसाने या बचाने का काम नहीं करती है। हम आज तक पुलिस के काम में हस्तक्षेप नहीं किये हैं।

**बीजेपी के आरोप का सीएम ने दिया जवाब :** रामनवमी पर हिंसा के मामले में बीजेपी लगातार आरोप लगा रही है कि सरकार हिंसा की स्थिति को संभाल नहीं पायी। इस सवाल का जवाब देते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि हम बीजेपी की बातों का ध्यान नहीं देते हैं। सभी को पता है कि कोई घटना होती है तो सभी चीजों को देखा जाता है। बिहार में दो जगहों पर हिंसा हुई, पुलिस दोनों जगहों पर सख्ती से कार्रवाई कर रही है। इसके अलावा भी पुलिस पूरी तरह से किसी भी घटना को लेकर सतर्क है। दोषी तो जेल भेजे जाएंगे ही।

### बिहार के पिछड़ेपन पर चिराग पासवान ने CM नीतीश को घेरा, कहा
## समाज को बांटने की राजनीति कर रहे

**PHOTON REPORTER ROHTAS :** बिहार में सियासी पारा चढ़ा हुआ है। जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं। वैसे ही सियासी हमले भी तेज हो गए है। इसी कड़ी में लोजपा (आर) के अध्यक्ष चिराग पासवान रोहतास पहुंचे। जहां उन्होने एक बार फिर से नीतीश सरकार पर हमला बोला। इस दौरान महागठबंधन पर भी सियासी वार किए। जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चिराग पासवान ने कहा कि हम लोग हर मामले में फिसड्डी साबित हो रहे हैं, और नीतीश जी कभी दलित तो कभी महादलित, कभी पिछड़ा तो कभी महा पिछड़ा, तो कभी लव-कुछ की बात कर समाज को बांटने की राजनीति करते हैं।



**आजादी के 75 साल बाद भी बिहार पिछड़ा क्यों :** उन्होने कहा कि नब्बे के दशक के बाद लगातार लालू प्रसाद यादव और नीतीश कुमार की सरकार है. ये लोग सिर्फ विकास की लंबी लंबी बातें करते हैं। आज भी बिहार का विकास रूका हुआ है। और देश के सबसे पिछड़े राज्यों में बिहार शुमार है। जिन युवाओं को नौकरी मिलनी चाहिए वो लाठियां खा रहे हैं। चिराग पासवान ने कहा कि पूरा देश आजादी का अमृत महोत्सव बना रहा है। लेकिन बिहार में अमृत महोत्सव मनाने के लिए क्या है। क्या बढ़ते पलायन, अपराध और भ्रष्टाचार का महोत्सव बनाएं, ये सवाल सरकार से पूछना चाहिए। 90 के दशक से सिर्फ जाति की राजनीति हो रही है। नीति आयोग की रिपोर्ट में शिक्षा-स्वास्थ्य के क्षेत्र में बिहार सबसे फिसड्डी क्यों है। बिहार के बच्चे ही क्यों दूसरे प्रदेश जाते हैं। क्यों दूसरे राज्यों के बच्चे बिहार नहीं आते। भाषण के दौरान चिराग पासवान का गला भी बैठ गया। जिसके चलते संबोधन जल्दी खत्म करना पड़ा।

**इफ्तार पार्टी में तेजस्वी से मिले थे :** आपके बता दें हाल ही में चिराग पासवान आरजेडी की इफ्तार पार्टी में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होने तेजस्वी यादव और नीतीश कुमार से मुलाकात की थी। जिस पर सियासी चर्चा छिड़ गई थी। चिराग पासवान ने इसे औपचारिक मुलाकता बताया था। और कहा था कि वो अपनी भतीजी को देखने आए हैं।

## बिहार शिक्षक नियुक्ति पर लग सकता है ग्रहण

### नई नियुक्ति नियमावली के विरोध में शिक्षक संघ

**PHOTON REPORTER PATNA :** बिहार में नई नियमावली से शिक्षक नियुक्ति की प्रक्रिया का विरोध लगातार शिक्षक संघों के द्वारा किया जा रहा है। हालांकि, सरकार विरोध को दरकिनार करते हुए नियुक्ति की प्रक्रिया पूरे तेजी से आगे बढ़ाई जा रही है। इस बीच, माध्यमिक शिक्षक संघ ने नियोजित शिक्षकों को भी राज्यकर्मी का दर्जा देने की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया है। माध्यमिक शिक्षक संघ के महासचिव शत्रुघन प्रसाद सिंह ने कहा कि पूरे राज्य के नियोजित शिक्षकों के द्वारा एक मई को प्रतिरोध दिवस के रुप में मनाया जाएगा।

### चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा विरोध : संघ

माध्यमिक शिक्षक संघ ने शनिवार को आयोजित बैठक में नयी नियुक्ति नीति के विरोध में पूरे राज्य में चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करने की नीति बनायी गयी है। इसके तहत 20 मई को नियोजित शिक्षकों के द्वारा प्रमंडल मुख्यालय का घेराव किया जाएगा। इसके बाद सरकार का घेराव किया जाएगा। बता दें कि इससे पहले प्रारंभिक शिक्षक संघ के द्वारा भी विरोध की घोषणा कर दी गयी है।

### क्या मांग है नियोजित शिक्षकों की

माध्यमिक शिक्षक संघ के महासचिव शत्रुघन प्रसाद सिंह ने बताया कि राज्य सरकार के नियोजित शिक्षकों को भी बिना किसी परीक्षा और शर्त के राज्यकर्मी का दर्जा देना होगा। सभी नियोजित शिक्षक एनसीईटी का जो मानक है उसे पूरा करते हैं। ऐसे में शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा जब तक नहीं मिलता, तब तक न केवल माध्यमिक शिक्षक संघ बल्कि प्रारंभिक शिक्षक संघ भी सरकार का विरोध करती रहेगी।

### आरजेडी और पप्पू यादव के दिये बयान पर गिरिराज सिंह ने कहा
## किसमें हिम्मत जो बागेश्वर सरकार को रोके

**PHOTON REPORTER PATNA :** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री के बिहार में धार्मिक कार्यक्रम को लेकर मचे सियासी घमासान में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह कूद पड़े हैं। केंद्रीय पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास मंत्री ने बागेश्वर सरकार के विरोधियों को कड़ी चुनौती दी है। उन्होंने कहा है कि अगर किसी में हिम्मत तो उन्हें रोक कर दिखा दे।

बागेश्वर सरकार के पटना प्रवास पर बिहार में सियासी घमासान मचा है। राजद के कई नेता धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम को लेकर राजद और पप्पू यादव बागेश्वर सरकार पर हमलावर हैं। नीतीश मंत्रिमंडल के मंत्री तेज प्रताप यादव ने उन्हें एयरपोर्ट पर धरने की चेतावनी दी। राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह इससे भी आगे निकल गए। उन्होंने कह दिया कि बागेश्वर सरकार जैसे लोगों को जेल में होना चाहिए।





राजद नेता भाई वीरेंद्र ने भी धीरेंद्र शास्त्री को जेल भेजे जाने की वकालत कर दी। इन तमाम बयानों के बीच बीजेपी के तेवर काफी गर्म है। इधर जन अधिकार पार्टी के सुप्रीमो पप्पू यादव ने भी बागेश्वर धाम के बिहार दौरे पर हमला किया। पप्पू यादव ने बागेश्वर सरकार को टपोरी तक कह दिया और कहा कि ऐसे बाबा चमत्कार दिखाकर लूटते हैं इन्हें चाइना बॉर्डर भेज दिया जाना चाहिए।

इन बयानों के बाद बीजेपी के फायर ब्रांड हिंदूवादी नेता गिरिराज सिंह आक्रोश में हैं। बेगूसराय में उन्होंने कहा कि बागेश्वर सरकार हिंदू धर्म के प्रचारक हैं और पोषक हैं। उनके प्रवचन से समाज में शांति आती है। उनको रोकने का आखिर औचित्य क्या है। क्यों उन्हें बिहार आने पर कुछ लोगों को दर्द हो रहा है। गिरिराज सिंह ने चुनौती भरे लहजे में कहा कि किसमें हिम्मत है जो बागेश्वर बाबा को बिहार आने से रोक ले। केंद्रीय मंत्री ने विश्वास दिलाया कि निर्धारित समय पर उनका कार्यक्रम होगा और वह बिहार में हनुमान कथा का प्रवचन कर दुष्टों का दलन करेंगे।

इससे पहले बीजेपी के विधायक हरि भूषण ठाकुर बागेश्वर सरकार के समर्थन में सड़क पर उतरने की चेतावनी दी। उन्होंने राजद नेताओं को आड़े हाथों लिया। बीजेपी प्रवक्ता अरविंद सिंह ने भी बागेश्वर सरकार पर इस प्रकार के बयान के बाद लालू और हम फैमिली पर हमला बोल दिया। लालू फैमिली को बीजेपी प्रवक्ता ने माफिया, घोटालों का संरक्षक करार दिया।

## BRIEF NEWS

### भोजपुर में पंचायत समिति सदस्य की गोली मारकर हत्या, पहली बार चुनाव जीता था



**ARA :** भोजपुर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के बेलाऊर गांव में शुक्रवार की देर रात एक पंचायत समिति सदस्य की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वे पहली बार पंचायत समिति का चुनाव जीते थे। मृतक की पहचान 35 वर्षीय दीपक साह उर्फ दीपक गुप्ता बेलाऊर गांव निवासी नंद किशोर गुप्ता के बेटे के रूप में हुई। वे पेशे से मिठाई दुकानदार भी थे। मृतक के शरीर पर गोली के निशान पाए गए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस शुरूआती जांच में इस घटना को बदले और आपसी लड़ाई से जोड़कर देख रही है। इधर, रात दस बजे वारदात की सूचना मिलने के बाद आरा सदर एएसपी चन्द्र प्रकाश और प्रशिक्षु डीएसपी काजल जयसवाल घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन कर रहे हैं। हमलावर पांच-छह की संख्या में थे।

**गांव के युवक पर हत्या का आरोप :** मृतक की पत्नी मीना देवी ने गांव के ही ऋषि नामक युवक और उसके अन्य दोस्तों पर अपने पति की गोली मारकर हत्या करने का आरोप लगाया है। दूसरी मृतक के बेटे के अनुसार चुनाव जितने के बाद से ही धमकी दे रहे थे।

### गृह युद्ध से जूझ रहे सूडान में फंसे हैं सीवान के 16 लोग, जानकारी जुटाने में जुटा प्रशासन

**SIWAN :** सूडान में तख्ता पलट की घटना के बाद वहां रह रहे अन्य देश के लोग किसी भी बड़ी मुसीबत से बचने के लिए जल्दी अपने घर लौट रहे हैं। इनका प्रयास है कि जल्दी घर लौट आएं ताकि सूडान की घटना का असर उनके व उनके परिवार पर नहीं पड़े। बताया जा रहा कि सूडान में सीवान जिले के 16 लोग हैं, जिनके बार में जिला प्रशासन पूरी जानकारी जुटा रहा है। हालांकि इनमें छह लोग लौट आए हैं। बताया जा रहा कि इन लोगों में जिले के गुठनी प्रखंड के अलावा सिसवन, दोन, महाराजगंज, रघुनाथपुर, हुसैनगंज व जामो बाजार आदि प्रखंड के कुल 16 लोग शामिल हैं। जिला प्रशासन ने सभी 16 लोगों के बारे में विशेष सूचना एकत्र करने के लिए संबंधित प्रखंड के बीडीओ-सीओ को पत्र भेजा है।

**16 लोगों को चिन्हित करने में जुटा प्रशासन :** पत्र में सूडान में फंसे लोगों के बारे में उनके परिजनों से संपर्क स्थापित कर खैरियत प्रतिवेदन आपदा प्रबंधन शाखा को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। आपदा प्रबंधन शाखा की प्रभारी पदाधिकारी वृषभानु कुमारी चंद्रा ने बताया कि इस संदर्भ में अभी कोई विभागीय निर्देश प्राप्त नहीं हुआ है। लेकिन, डीएम के निर्देश पर परिवार से संपर्क स्थापित किया जा रहा है, ताकि जरूरत पड़ने पर प्रशासनिक सहयोग उपलब्ध कराया जा सके। जिले के 16 लोगों के सूडान में होने की सूचना पर उन्हें चिन्हित किया गया है। इनमें से पांच लोग दिल्ली लौट आए हैं। शीघ्र ही वह अपने घर पहुंच जायेंगे, ऐसी जानकारी मिली है।

**सूडान में छिड़ा है गृहयुद्ध :** संबंधित प्रखंड के बीडीओ-सीओ को पत्र जारी कर निर्देश दिया गया है कि संबंधित लोगों के परिजनों से संपर्क स्थापित कर यह जानकारी प्राप्त करें कि सभी लोग सुरिक्षत हैं, वह लोग कहां पर अभी हैं। सूडान के खार्तूम से भारी युद्ध और गोलाबारी के बीच वापस अपने घर पहुंचे गुठनी प्रखंड के खिरोली निवासी रमेश प्रसाद गोंड परिजनों को देखकर भावुक हो गया। उन्होंने बताया कि सूडान के खार्तुम में वह 18 फरवरी को पहुंचा था। जहां पहुंचने के 2 दिन बाद ही आपसी गृह युद्ध छिड़ गया।

### बिहार में जिंदा जल गई खाना बना रही महिला तड़पती मां को बचाने में बेटा 75 प्रतिशत झुलसा

**BHABUA :** बिहार के भभुआ में शॉर्ट-सर्किट से लगी आग से खाना पका रही एक महिला की शनिवार को दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसे बचाने की कोशिश में उसका बेटा गंभीर रूप से झुलस गया। मृतका 55 वर्षीया रेणु देवी चांद नहर चौक की रहनेवाली थी। उसके बेटे 22 वर्षीय दिलीप साह का प्राथमिक उपचार करने के बाद चिकत्सक ने गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर इलाज कराने के लिए वाराणसी चले गए। इस घटना में पीड़ित परिवार को जानमाल की क्षति हुई है।

**शॉर्ट-सर्किट से लगी आग :** बताया गया है कि रेणु देवी अपने घर में खाना पका रही थी। इसी दौरान शॉर्ट-सर्किट से आग लग गई। आग की लपट इतनी तेज थी कि रेणु देवी का शरीर धू-धूकर जलता रहा। वह तड़पती व इधर-उधर भागती रही। उसका बेटा उसे बचाने के लिए दौड़ा। लेकिन, उसके शरीर का भी 75 प्रतिशत हिस्सा झुलस गया। इस बीच ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने की पूरी कोशिश की। जब आग की लपट थोड़ी शांत हुई तो मां-बेटा को चांदी सीएचसी लाया गया।

**बेटा गंभीर हालत में रेफर :** अस्पताल के डॉ अल्ताफ ने स्वास्थ्य जांच कर रेणु देवी को मृत घोषित कर दिया और बेटे का इलाज शुरू किया। लेकिन, उसकी गंभीर हालत को देख उसे रेफर कर दिया। डॉ. अल्ताफ ने बताया कि दिलीप का 75 प्रतिशत शरीर जल गया है। सूचना पर दलबल के साथ थानाध्यक्ष सचिन कुमार अस्पताल पहुंचे और मृतका के शव की रिक्वीजिशन रिपोर्ट बनाने के लिए महिला दारोगा को आदेश दिया। मौके पर जुटे लोगों से घटना की पूरी जानकारी ली।

**घटनास्थल पर नहीं पहुंची फायर बिग्रेड वैन :** आग लगने की घटना की सूचना जैसे ही मिली, फायर ब्रिगेड की टीम बड़ी गाड़ी लेकर घटना स्थल के लिए रवाना हुई। लेकिन, रास्ता संकीर्ण होने की वजह से गाड़ चांद-भभुआ पथ में ही खड़ी रही। मुख्य सड़क से घटना स्थल की दूरी ज्यादा थी। इस कारण पाइप जोड़ने पर भी उसका पानी वहां तक नहीं पहुंच रहा था। अग्निशमन कर्मी जितेन्द्र कुमार ने बताया कि फोन कर-के चैनपुर प्रखंड में खड़ी अग्नि शमन की छोटी गाड़ी को मंगाया गया, जिसके बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका है।

### प्रेमी के लिए पत्नी ने कराई पति की हत्या

**MUZAFFARPUR :** मुजफ्फरपुर में शनिवार को एक तालाब से एक शख्स की लाश मिलने से हड़कंप मच गया। घटना सकरा थाना क्षेत्र की है। और मृतक की पहचान बघनगरी गांव के निवासी के तौर पर हुई है। जानकारी के मुताबिक व्यक्ति की हत्या उसी की पत्नी ने कराई है। वो भी अपने प्रेमी के लिए। ग्रामीणों का आरोप है कि पति-पत्नी में अक्सर विवाद होता रहा है। जिसका कारण महिला का प्रेम प्रसंग है। जिसके चलते मृतक की पत्नी ने अपनी प्रेमी संग मिलकर पति की हत्या की साजिश रच डाली। और फिर हत्या के बाद शव को तालाब में फेंक दिया। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

**गांव के युवक से था प्रेम प्रसंग :** जानकारी के मुताबिक बीते की सालों से मृतक सहजाद अपने ससुराल में रहा था। और पत्नी के प्रेम प्रसंग का पता चलने के बाद से उसका अक्सर विवाद होता था। और इसी के चलते पत्नी ने ही अपने शौहर की हत्या की साजिश रच डाली। पति प्रेमी के साथ अवैध संबंधों का विरोध करता था। जिसके चलते महिला ने उसे ही रास्ते से हटा दिया।

**20 साल पहले हुई थी शादी :** मृतक के परिजनों के मुताबिक सहजाद की शादी 20 साल पहले रेहाना से हुई थी। दोनों मजदूरी का काम करते हैं। मृतक सहजाद बढ़ई का काम करता है। फिलहला पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। और हर एंगल से मामले की जांच कर रही है। वहीं इस मामले में पुलिस ने बताया कि हमें सुबह पता चला कि एक व्यक्ति का शव मिला है। मृतक के मुंह और नाक से खून निकल रहा था। ग्रामीणों के मुताबिक हत्या कर के शव को पानी में डाला गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजन मृतक शख्स की पत्नी पर ही हत्या का आरोप लगा रहे। सभी बिंदुओं पर छानबीन चल रही।

# खेलो इंडिया : परंपरा को मिला पुनर्जीवन

विराट भारतीय संस्कृति और परंपराओं में बचपन से ही पढ़ाई के साथ-साथ खेलों का भी एक विशेष महत्व रहा है। हमारा यह विश्वास रहा है कि जिस प्रकार अध्ययन मानसिक विकास में आवश्यक है, उसी तरह खेल शारीरिक विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हमारे जीवन में खेल और स्वास्थ्य का बहुत बड़ा योगदान है। खेल हमारे भीतर टीम भावना पैदा करते हैं। साथ ही इनसे हमारे अंदर, सही समय पर सही निर्णय लेने की क्षमता, नेतृत्व कौशल, लक्ष्य निर्धारण और जोखिम लेने का आत्मविश्वास भी उत्पन्न होता है। शताब्दियों तक भारतीय ज्ञान, अध्ययन और अध्यापन परंपरा में खेलों को समान महत्व दिया गया, क्योंकि एक सुदृढ़ व्यक्तित्व का निर्माण तभी संभव है, जब उसमें एक विचारशील मन और एक सुगठित तन, दोनों शामिल हों। हमारे प्राचीन गुरुकुलों में दी जाने वाली शिक्षा इसका प्रमाण है, जिसमें शास्त्रों-वेदों के अलावा विभिन्न प्रकार के खेल कौशलों की भी विधिवत शिक्षा दी जाती थी। वर्ष 2014 में जब केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार सत्ता में आई, तो सरकार ने इस पर फिर से विचार करना शुरू किया। भारत जैसे देश में जहां अभी तक क्रिकेट जैसे औपनिवेशिक और एलीट खेल का दबदबा था, दूसरे खेलों को प्रोत्साहन दिया जाना शुरू हुआ। फिर देखते ही देखते, एथलेटिक्स, कबड्डी, आर्चरी, शूटिंग, रेसलिंग, जैवलिन थ्रो, वेटलिफ्टिंग जैसे अनेक खेलों में, जो अभी तक उपेक्षा झेल रहे थे, भारतीय खिलाड़ियों ने एक के बाद एक उपलब्धियां हासिल करनी शुरू कीं। भारत देखते ही देखते, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्पोर्ट्स सुपर पॉवर के रूप में उभरने लगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में एक ऐसी खेल संस्कृति का उदय हुआ, जो अभूतपूर्व थी। इसी संस्कृति को विराटता और व्यापकता देने के लिए सरकार ने 2018 में एक अभिनव अभियान का आरंभ किया, यह था खेलो इंडिया गेम्स। खेलो इंडिया स्कूल गेम्स के नाम से शुरू की गई इस पहल की शानदार सफलता को देखते हुए इसे और विस्तार दिया गया। इसी साल भारतीय ओलंपिक संघ के इस पहल से जुड़ते ही इसे और मजबूती व लोकप्रियता मिली।

**खेलो इंडिया का बढ़ता दायरा:** खेलों का सिलसिला बचपन तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे आगे बढ़ाकर युवाओं को भी इसमें शामिल किया जाना चाहिए। इस विचार से अगले ही साल, यानी 2019 से इसका नाम बदलकर खेलो इंडिया यूथ गेम्स कर दिया गया। और इसमें भारतीय युवाओं की विशाल आबादी को भी शामिल कर लिया गया। बचपन के उत्साह और युवा शक्ति और सामर्थ्य ने मिलकर खेलो इंडिया को इतना व्यापक स्वरूप प्रदान कर दिया है कि यह देश के सर्वाधिक सफल अभियानों में गिना जाने लगा है। यह उपलब्धि हमें कोई अनायास ही हासिल नहीं हुई है, बल्कि इसके पीछे हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की सृजनात्मक, कल्पनाशील व दूरदर्शितापूर्ण सोच व कड़ी मेहनत का बहुत बड़ा योगदान है। इसी सोच का परिणाम था कि प्रधानमंत्री ने अपने दूसरे कार्यकाल में खेल एवं युवा मंत्रालय की कमान अनुराग ठाकुर को सौपीं। ठाकुर का नाम इसलिए महत्वपूर्ण था, क्योंकि खेलों के प्रति उनके विजन की तारीफ पूरा देश करता आया है। खिलाड़ियों को मिली पहचानः खेलो इंडिया यूथ गेम्स, जिसका मुख्यालय नई दिल्ली में है, एक ऐसी अभूतपूर्व योजना है जिसे भारतीय खिलाड़ियों के दीर्घकालीन विकास का मार्ग प्रशस्त करने के लिए लागू किया गया है। खेलो इंडिया एथलीटों का चयन, खेलो इंडिया गेम्स, नेशनल चैंपियनशिप/ओपन सेलेक्शन ट्रायल्स में उनके प्रदर्शन के आधार पर किया जाता है। केंद्रीय खेल व युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर ने पिछले साल लोकसभा में बताया था कि देश भर से 21 खेल विधाओं में 2,841 एथलीटों को खेलो इंडिया एथलीट के रूप में चुना गया था। इन चुने हुए एथलीटों को खेलो इंडिया स्कॉलरशिप के लिए प्रतिस्पर्धा करने और अत्याधुनिक खेलो इंडिया अकादमियों में देश के सर्वश्रेष्ठ कोचों से प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया जाता है। साथ ही उन्हें दस हजार रुपये प्रतिमाह का जेब खर्च भी मिलता है। अभी तक इस क्रम में 2017 और 2021 के बीच तीन खेलो इंडिया स्कूल और यूथ गेम्स, एक खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स और दो खेलो इंडिया विंटर गेम्स आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें लगभग बीस हजार एथलीटों ने हिस्सा लिया था। खेलो इंडिया कार्यक्रम में अभी तक जिन खेलों का समावेश किया गया है, उनमें एथलेटिक्स, कबड्डी, कुश्ती, खो-खो, जूडो, जिम्नास्टिक, तीरंदाजी, टेबल टेनिस, तैराकी, निशानेबाजी, फुटबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, बॉक्सिंग, लॉन टेनिस, वालीबॉल, वेटलिफ्टिंग, हॉकी जैसे खेल शामिल हैं। स्पोर्ट्स फॉर ऑल, स्पोर्ट्स फॉर एक्सीलेंसः खेलो इंडिया कार्यक्रम के प्रमुख निहित उद्देश्यों में उत्कृष्टता के लिए खेल के साथ-साथ सभी के लिए खेल को बढ़ावा देना, वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं में बड़े पैमाने पर युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना, केंद्र सरकार, राज्य सरकार या सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) पद्धति में खेल अकादमियों के माध्यम से खेल प्रतिभाओं की पहचान और पोषण व मार्गदर्शन तथा तहसील, जिला, व राज्य स्तर आदि पर खेल के बुनियादी ढांचे का निर्माण आदि शामिल हैं। संक्षेप में कहें तो खेलो इंडिया योजना एक ऐसा कार्यक्रम है, जो जमीनी स्तर पर भारत की खेल संस्कृति को मजबूत और पुनर्जीवित करता है और खेल प्रतिभाओं की पहचान, विकास और पोषण-प्रोत्साहन से खेल संस्कृति को विकसित करता है।

# बस्तर, तेंदूपत्ता और माओवाद

MY STORY



उपेन्द्र नाथ राय

समितियों के माध्यम से पैसा देने से माओवादियों को यह फायदा होता है कि उन्हें सिर्फ समिति के पदाधिकारियों से मिलना होता है। वहां फरमान चला जाता है। वहां से हर हितग्राही के मेहनत के पैसे में 15 प्रतिशत तक की कटौती कर ली जाती है। बाद में यह पैसा (कटौती) माओवादियों तक पहुंचा दिया जाता है। इसे कांग्रेस या तो समझ नहीं पाई या समझते हुए भी माओवादियों के सामने दंडवत हो गई। सरकारें बार-बार कहती हैं कि माओवाद अब अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है, लेकिन यह अर्द्धसत्य है। हकीकत तो यह है कि फोर्स सिर्फ गतिविधियों को दबाने की दवा मात्र है। यह वैसे ही है, जैसे मलेरिया की दवा कुनैन है। कुनैन से मलेरिया को खत्म तो किया जा सकता है, लेकिन मलेरिया कभी हो न, इसके लिए तो मच्छरों को खत्म करने के उपाय पर विचार करना होगा। माओवादियों की मौजूदगी की वर्तमान स्थिति के बारे में उनके सात नवंबर 2022 को जारी 27 पेज के पत्र से जाहिर होती है।

दक्षिण बस्तर के दंतेवाड़ा में माओवादियों के कायराना हमले ने सबको झकझोर दिया है। आमतौर पर ऐसी वारदात सोझी समझी रणनीति के तहत तेंदूपत्ता सीजन में ही होती हैं। बस्तर का हर व्यक्ति यह जानता है कि माओवादियों की सक्रियता मार्च से जून तक बढ़ जाती है। चुनावी वर्ष में भी यह बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में रहते हैं। इसी अवधि में माओवादी टैक्टिकल काउंटर अफेंसिव कैंपेन अर्थात टीसीओसी चलाते हैं। इसी दौरान नए रंगरूटों को भर्ती किया जाता है। ऐसे हमलों का मकसद तेंदूपत्ता हितग्राहियों में दिल-दिमाग में खौफ पैदा करना होता है, जिससे वह पैसा देने में आनाकानी न करें। माओवादियों की यह मारकाट रंग लाती है। तेंदूपत्ता की तुड़ाई मई में शुरू हो जाती है। इसके लिए बस्तर में समितियों के गठन से लेकर अन्य तैयारियां शुरू हो गई हैं। माओवादियों की कमाई का बड़ा जरिया तेंदूपत्ता ही है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि मात्र कांकेर जिले से माओवादी लगभग डेढ़ करोड़ रुपये (पुलिस खुफिया विभाग की रिपोर्ट) की वसूली करते हैं।

यही वजह है कि माओवादी मार्च से ही दहशत फैलाने लगते हैं। इसका नतीजा यह होता है कि तेंदूपत्ता की तुड़ाई करने वाले आसानी से समितियों को उनका हिस्सा दे देते हैं। पिछली भाजपा सरकार ने तेंदूपत्ता तुड़ाई के पैसे देने की नियमावली में परिवर्तन किया था। सरकार सीधे हितग्राहियों के खाते में पैसा भेजने लगी थी। इससे माओवादियों को वसूली में परेशानी हुई। इसके बाद माओवादियों के इशारे पर बस्तर संभाग में आंदोलन शुरू हो गया। अब इसको समझिए, माओवादियों के ही इशारे आंदोलन भी होते हैं। जंगल से फरमान आता है और लोग न चाहते हुए भी बाहर निकलने को मजबूर हो जाते हैं। जब तक भाजपा की सरकार रही, उसने पैसा सीधे हितग्राही के खाते में डाला। रमन सिंह आंदोलन के आगे नहीं झुके। कांग्रेस की सरकार बनते ही इस पर पूर्णविराम लगा दिया गया। समितियों के माध्यम से ही पैसा दिया जाने लगा।

समितियों के माध्यम से पैसा देने से माओवादियों को यह फायदा होता है कि उन्हें सिर्फ समिति के पदाधिकारियों से मिलना होता है। वहां फरमान चला जाता है। वहां से हर हितग्राही के मेहनत के पैसे में 15 प्रतिशत तक की कटौती कर ली जाती है। बाद में यह पैसा (कटौती) माओवादियों तक पहुंचा दिया जाता है। इसे कांग्रेस या तो समझ नहीं पाई या समझते हुए भी माओवादियों के सामने दंडवत हो गई। सरकारें बार-बार कहती हैं कि माओवाद अब अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है, लेकिन यह अर्द्धसत्य है। हकीकत तो यह है कि फोर्स सिर्फ गतिविधियों को दबाने की दवा मात्र है। यह वैसे ही है, जैसे मलेरिया की दवा कुनैन है। कुनैन से मलेरिया को खत्म तो किया जा सकता है, लेकिन मलेरिया कभी हो न, इसके लिए तो मच्छरों को खत्म करने के उपाय पर विचार करना होगा। माओवादियों की मौजूदगी की वर्तमान स्थिति के बारे में उनके सात नवंबर 2022 को जारी 27 पेज के पत्र से जाहिर होती है। इसमें लिखा है कि 11 महीनों के अंदर (दिसंबर 2021 से नवंबर 2022 तक) देशभर में 132 माओवादी मारे गए। इसमें सबसे अधिक 89 दंडकारण्य क्षेत्र में मारे गए। माओवादियों का यह दंडकारण्य बस्तर संभाग, छत्तीसगढ़ के बार्डर महाराष्ट्र और तेलंगाना के बार्डर को मिलाकर बनाया गया है। माओवादी इसे एक डिवीजन दंडकारण्य संबोधित करते हैं। इस पत्र के मुताबिक पिछले 11 माह में उसके सेंट्रल रीजनल बल का एक, बिहार-झारखंड के 17, पश्चिम बंग का एक, तेलंगाना के 15, आंध्र प्रदेश में एक, ओडिशा के तीन, पश्चिम घाटियों में एक, महाराष्ट्र-मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ में तीन माओवादी मारे गए। इसमें केंद्रीय कमेटी के सदस्य दीपक को बचाने में ही 27 माओवादी पारेवा मुठभेड़ में मारे गए। यहां महत्वपूर्ण है कि माओवादियों के समूल नाश के लिए केंद्र ने मई 2017 में पांच वर्ष की समय सीमा रखकर समाधान योजना प्रारंभ की थी।

इस पत्र में ही लिखा है कि माओवादियों (2017 से) ने इस दौरान पूरे भारत में 1300 से अधिक गुरिल्ला कार्रवाई की। इसके माध्यम से पांच साल में 429 जवान शहीद हो गए। 966 जवान घायल हुए। इस दौरान 40 लोगों को माओवादियों ने मारा। 409 जन सामान्य की भी नृशंस हत्या कर दी गई। इनमें से ज्यादातर आदिवासी समाज के लोग हैं। 300 जगहों पर संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया। एक साल में माओवादियों ने 200 बार दहशत फैलाई। इन घटनाओं में 31 जवान शहीद हुए। 154 जवान घायल हुए। 69 सामान्य लोगों को मार दिया गया। माओवाद की समस्या को आप इसी से समझ सकते हैं कि छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले का आमाबेड़ा क्षेत्र जिला मुख्यालय से महज 15 किलोमीटर की दूरी पर है। इस क्षेत्र में आज भी ऐसे गांव हैं, जहां के लोग हिंदी बोलना तो दूर छत्तीसगढ़ी भी नहीं बोल पाते। ऐसे में यह लोग अधिकारियों से अपने दर्द को कैसे बयां कर सकते हैं। ऐसे कई गांव हैं, जहां पर प्रशासन को पहुंचने में 12 से 15 घंटे लग जाते हैं। यहां सिर्फ किसी तरह साइकिल या बाइक ही जा सकती है। अधिकारियों की अकेले जाने की हिम्मत नहीं होती। यदि पूरी फोर्स वहां पहुंचती है तो हर कदम पर खतरा मंडरा रहा होता है।

यहां पुलिस और माओवादियों में अंतर यह होता है कि माओवादियों के सचिव स्तर के पदाधिकारी के लिए अनिवार्य योग्यता ही चार भाषाओं का ज्ञान होना होती है। जिस क्षेत्र में उसकी नियुक्ति है, उस क्षेत्र की स्थानीय भाषा के साथ ही हिंदी और अंग्रेजी की जानकारी भी चाहिए। स्थानीय भाषा के जानकार होने से यह लोग स्थानीय लोगों के साथ आसानी से घुल-मिल जाते हैं। वहीं पुलिस को लोगों का दर्द समझने के लिए दुभाषिया की जरूरत होती। ऐसे में सवाल यह है कि पुलिस स्थानीय लोगों के साथ कैसे घुल-मिल सकती है। यह कहा जाता है कि जो दिखता है, वह हमेशा सच नहीं होता। यह बात माओवादी क्षेत्रों में सच साबित होती है। यही कारण है कि बाहर से उस क्षेत्र में जाकर खबर देने वाले पत्रकार भी कभी हकीकत को ठीक से उजागर नहीं कर पाते। इसका कारण है कि उनकी रिपोर्ट स्थानीय लोगों से बातचीत पर आधारित पर होती है। आप सोच सकते हैं कि जो (स्थानीय बाशिंदे) बंदूक की नाल पर हमेशा सांस ले रहा हो, वह कैसे सच बता सकता है। हकीकत यह होती है कि बाहर से जाने वाले पत्रकारों से बातचीत के समय 10 स्थानीय लोगों के बीच एक माओवादी जरूर होता है।

उदाहरण के तौर पर आप उनसे पूछिये, क्या इस बीच माओवादी इस क्षेत्र में देखे गए हैं। उनका यही जवाब होता है, वर्षों से देखे नहीं गए, जबकि हकीकत है कि उस क्षेत्र में माओवादी रोज आते-जाते हैं। माओवादी क्षेत्र में रहने वाले लोगों के सामने एक तरफ खाई तो दूसरी तरफ पहाड़ है। दोनों के बीच हमेशा उनकी जिंदगी खतरे में पड़ी रहती है। यदि एक पुलिस वाला उनसे बात कर लेता है तो शक में माओवादी उन्हें मौत के घाट उतार देते हैं। कहते हैं, यह पुलिस का मुखबिर था। इधर पुलिस उन्हें हमेशा शक के दायरे में रखती है कि यह जनताना सरकार का सदस्य होगा और कई बार यह हकीकत भी होती है कि उन्हीं आम आदमियों के बीच माओवादियों का मुखबिर भी छिपा होता है, जिसे उस गांव के लोग भी नहीं जानते। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि एक बार मैं छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में माओवादियों से प्रभावित सीतरम इलाके में गया था। वहां जाने के लिए एक नदी को पार करना पड़ा।

**(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)**

# 'मन की बात' और राष्ट्रबोध

किसी भी राष्ट्र की उन्नति के लिए आवश्यक है कि प्रधानमंत्री की बात सीधे जनता तक पहुंचे और जनता की बात सीधे उन तक तक पहुंचे। इससे दोनों के मध्य तालमेल बना रहता है। इससे जनता को पता चलता है कि प्रधानमंत्री उनके लिए क्या सोचते हैं तथा उनके लिए क्या कार्य करे रहे हैं। इसके साथ ही प्रधानमंत्री को ज्ञात होता है कि जनता को उनसे क्या अपेक्षा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विचारों के धनी हैं। उनकी वाकपटुता अद्भुत है। उनके भाषणों में उनके इस सद्गुण को देखा जा सकता है। वह मन की बात नामक रेडियो कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न विषयों पर जनता से बात करते हैं। मई 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी ने जनता से सीधा संपर्क करने के लिए आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम प्रारम्भ किया था। प्रथम बार अक्टूबर 2014 को प्रधानमंत्री ने मन की बात के माध्यम से जनता को संबोधित किया गया। 30 अप्रैल को 100वां एपिसोड का महत्वपूर्ण पड़ाव है। इस कार्यक्रम की बड़ी विशेषता यह भी है कि प्रधानमंत्री मन की बात के जरिए जनता से आग्रह करते हैं कि वे विषय भेजें। प्रधानमंत्री उन विषयों को शामिल करते हैं। लोग अपने सुझाव सोशल मीडिया के माध्यम से प्रधानमंत्री तक पहुंचाते हैं। यह कार्यक्रम दूरदर्शन एवं आकाशवाणी द्वारा सीधा प्रसारित किया जाता है। इसे यूट्यूब पर भी देखा जा सकता है। देश के अधिकांश लोगों के पास रेडियो है। आकाशवाणी पर इस कार्यक्रम का प्रसारण होने के कारण अधिक से अधिक लोग इसे सुन पाते हैं। इसके अतिरिक्त दूरदर्शन की पहुंच भी अधिकांश जनसंख्या तक है। संचार क्रांति के इस युग में संचार माध्यमों का उपयोग करते हुए मोदी प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं। सर्व सुलभ रेडियो आज अपनी सार्थकता सिद्ध करने में सफल है। भारत का आम आदमी कहीं भी रेडियो को सुन सकता है। रेडियो बिना तार के सर्व सुलभ है। इस माध्यम से प्रधानमंत्री भारत के मन की बात करते हैं। भारत के समाज एवं जीवन की बात करते हैं। भारतीय ज्ञान परंपरा की बात करते हैं। भारतीय संस्कृति की बात करते हैं। राष्ट्रबोध का यह दर्शन 'मन की बात' के माध्यम से जनता को प्राप्त हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने अनेक विषयों पर अपने 'मन की बात' जनता से साझा की है। इन विषयों में भारत की जी-20 अध्यक्षता, अंतरिक्ष में निरंतर प्रगति, वाद्य यंत्रों के निर्यात में वृद्धि, संस्कृति, शिक्षा, स्वास्थ्य, ड्रोन उद्योग, कौशल विकास, स्वच्छ भारत अभियान, कृषि एवं किसानों से संबंधित समस्याएं, विज्ञान से संबंधित मिशन, दिव्यांग बच्चों के लिए छात्रवृत्ति, विद्यार्थियों को परीक्षा के समय होने वाले तनाव तथा परीक्षा में सफल होने वाले बच्चों को बधाई, युवाओं से मादक पदार्थों से दूर रहने का आग्रह, योग के लाभ, कन्या भ्रूण हत्या, लड़कियों के समग्र विकास पर चर्चा, सैनिकों की सराहना, जन धन योजना एवं सरकार की अन्य विकास योजनाओं की सफलता, खिलाड़ियों की प्रशंसा एवं बधाई, प्राकृतिक आपदा आदि सम्मिलित हैं। देश एवं समाज हित के लिए उत्कृष्ट कार्य कर रहे लोगों पर भी प्रधानमंत्री मोदी की दृष्टि है। वह उन्हें बधाई देते हुए प्रोत्साहित करते हैं तथा 'मन की बात' में उनका उल्लेख करके हुए प्रेरित करते हैं। नवम्बर 2022 में प्रसारित मन की बात में प्रधानमंत्री ने कहा था-'कोई अगर विद्या का दान कर रहा है, तो वह समाज हित में सबसे बड़ा काम कर रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में जलाया गया एक छोटा सा दीपक भी पूरे समाज को रोशन कर सकता है। मुझे यह देखकर बहुत खुशी होती है कि आज देशभर में ऐसे कई प्रयास किए जा रहे हैं। यूपी की राजधानी लखनऊ से 70-80 किलोमीटर दूर हरदोई का एक गांव है बांसा। मुझे इस गांव के जतिन ललित सिंह जी के बारे में जानकारी मिली है, जो शिक्षा की अलख जगाने में जुटे हैं। जतिन जी ने दो साल पहले यहां सामुदायिक पुस्तकालय एवं संसाधन केंद्र शुरू किया था। उनके इस केंद्र में हिंदी और अंग्रेजी साहित्य, कंप्यूटर, लॉ और कई सरकारी परीक्षाओं की तैयारियों से जुड़ी तीन हजार से अधिक किताबें मौजूद हैं।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसी कड़ी में कहा था- 'झारखंड के संजय कश्यप जी भी गरीब बच्चों के सपनों को नई उड़ाने दे रहे हैं। अपने विद्यार्थी जीवन में संजय जी को अच्छी पुस्तकों की कमी का सामना करना पड़ा था। ऐसे में उन्होंने ठान लिया कि किताबों की कमी से वे अपने क्षेत्र के बच्चों का भविष्य अंधकारमय नहीं होने देंगे। अपने इसी मिशन की वजह से आज वह झारखंड के कई जिलों में बच्चों के लिए लाइब्रेरी मैन बन गए हैं। संजय जी ने जब अपनी नौकरी की शुरूआत की थी, तब उन्होंने पहला पुस्तकालय अपने पैतृक स्थान पर बनवाया था। नौकरी के दौरान उनका जहां भी ट्रांसफर होता था, वहां वे गरीब और आदिवासी बच्चों की पढ़ाई के लिए लाइब्रेरी खोलने के मिशन में जुट जाते हैं। ऐसा करते हुए उन्होंने झारखंड के कई जिलों में बच्चों के लिए लाइब्रेरी खोल दी हैं। उनका उनका यह मिशन आज एक सामाजिक आंदोलन का रूप ले रहा है। ऐसे अनेक प्रयासों के लिए मैं उनकी विशेष सराहना करता हूं।' राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के अनुसार- 'किसी भी देश समाज की विकास की प्रक्रिया में युवाओं विशेषकर विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। देश की उन्नति में, देश के नेतृत्व में और नए-नए नवाचार को सुदृढ़ करने के लिए युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है।' प्रधानमंत्री मोदी भी इस बात को भली-भांति समझते हैं। इसलिए वो देश के नवनिर्माण के लिए युवाओं से आगे आने का आह्वान करते हैं। अपने गौरवशाली अतीत, वैभवशाली भारत का परिचय प्रधानमंत्री 'मन की बात' में समय-समय पर लोगों को कराते हैं। उन्होंने अमृतकाल में महान स्वतंत्रता सेनानियों, तीज-त्यौहारों, भारतीय जीवन पद्धति तथा भारतीय संस्कृति से जनता का परिचय करवाया।

# नीना गुप्ता का सच

नीना गुप्ता अच्छी अभिनेत्री हैं। वह दो बार राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कर चुकी हैं। वह फिल्म निमार्ता और टेलीविजन पर्सनैलिटी भी हैं। उन्होंने अस्सी के दशक में दिल्ली के थियेटरसे अपना करियर शुरू किया। 1982 में ऑस्कर पुरस्कार विजेता फिल्म गांधी में अभिनय के बाद फिल्म और टेलीविजन के लिए काम करने का फैसला किया। उन्होंने कई चर्चित और लोकप्रिय टेलीविजन धारावाहिकों जैसे खानदान और मिर्जा गालिब में अभिनय किया। उन्होंने मंडी, त्रिकाल और जाने भी दो यारो जैसी कला फिल्मों में काम किया। उन्होंने सांस, सिसकी और सोन परी समेत कई टेलीविजन धारावाहिकों का निर्देशन, निर्माण और उनमें अभिनय भी किया। लेकिन उनकी दूसरी पारी की कामयाबी चौंकाने वाली है जिसमें - शुभ मंगल, ज्यादा सावधान, पंचायत, द लास्ट कलर, मसाबा मसाबा और बधाई हो -जैसी फिल्में और ओटीटी शो शामिल हैं। मीडिया में उन्हें इस तरह पेश किया जाता रहा है कि वह बहुत ही मजबूत, ईमानदार और ऐसी लड़की हैं जो समाज की चिंता नहीं करती। वह जन्मजात विद्रोही हैं क्योंकि उन्होंने बिना शादी के एक बच्ची पैदा की, वह अपने संबंधों को छिपाने की कोशिश नहीं करती। वह आत्मविश्वासी है, क्योंकि वह हमेशा अपना सिर ऊंचा रखती हैं। लेकिन नीना गुप्ता कई मामलों में इससे बिल्कुल उलट हैं। यह सब सच और कई अन्य जानकारियां उनकी हाल ही में आई आत्मकथा ₹सच कहूं तो₹ को पढ़कर, पाठक जान सकते हैं। मीडिया और अपने प्रशंसकों तक अपना सच पहुंचाने के लिए ही उन्होंने यह आत्मकथा लिखी है।

आत्मकथा उन्होंने करोल बाग, दिल्ली के रैगरपुरा की गली न.1 के अपने घर जो कि प्रोफेसर अरोड़ा (रिश्ते ही रिश्ते के लिए मशहूर ) के पड़ोस में था से शुरू की है। पचास मीटर के छोटे से दो मंजिला मकान में उन्हें याद है कि गर्मियों के दिनों में छत पर खाट बिछा कर सोते थे। उनके किचन में गैस जमीन पर थी और उनकी मम्मी जमीन पर पटरे पर बैठकर खाना बनाती थी। गली में कई फेरीवाले दिन भर अलग-अलग आवाज लगाकर खाने-पीने और घर में काम आने वाले सामान बेचा करते थे। यानी बहुत सामान्य परिवार में आम लोगों की तरह ही उनकी परवरिश हुई। परिवार में मां शंकुतला गुप्ता, पिता रूप नारायण गुप्ता और ढाई साल छोटा भाई पंकज गुप्ता था। उनके पिता की यह दूसरी शादी थी। उनके पिता की दूसरी पत्नी और उनका परिवार भी दिल्ली में ही रहता था जिसकी जानकारी उन्हें बाद में हुई।

नीना अपनी मां जो उस समय की डबल एमए थीं कि आइडियोलॉजी से बड़ी प्रभावित थीं। गणित में कमजोर होने पर भी विद्या भवन से उन्होंने हायर सेकेंडरी की और स्कूल में टॉप किया फिर मां के कहने पर जानकी देवी महाविद्यालय में एडमिशन जोकि उस समय ₹भेंजी कॉलेज₹ के नाम से मशहूर था। यह वह समय था जब उनको पैंट पहनने पर बैड गर्ल या फैशनेबल कहा जाता था। कॉलेज में वे हॉकी खेलतीं और थियेटर करतीं । ऐसे ही एक प्रतियोगिता में बंगाली लड़के अम्माल से मिलीं और शादी कर ली हालांकि यह शादी एक साल भी नहीं चली। इसी दौरान किरोड़ीमल कॉलेज में उनकी मुलाकात सतीश कौशिक से हुई और नाटकों में पूरे तरीके से काम की शुरूआत हुई। 1977 में उन्होंने एनएसडी में दाखिला लिया। इस ग्रुप में आलोक नाथ, रविशंकर खेमू, आलोपी वर्मा और संजीव दीक्षित उनके साथ थे। एनएसडी पास करने के बाद वहां की रिपेटरी में नौकरी की बजाए उन्होंने फ्रीलांस एक्टिंग करना शुरू की जो कि उस समय एक बोल्ड निर्णय था। तभी अशोक आहूजा की पहली फिल्म ₹आधारशिला₹ में काम मिला जहां खुद से आने-जाने के अलावा खाना-पीना और कास्ट्यूम भी खुद ही बनाकर या खरीदकर पहननी पड़ती थी ।

# समाधान करे चीन

भारत और चीन के बीच उच्च रक्षा स्तरीय बातचीत सामयिक भी है और सार्थक भी। सामयिक इसलिए, क्योंकि इन दोनों देशों के बीच तनाव है और दोनों के बीच किसी भी स्तर पर विचारों का आदान-प्रदान जरूरी है। विचार के उच्च स्तरीय आदान-प्रदान से भी आगे बढ़ने का रास्ता मिलने की उम्मीद बनी रहती है। यह बातचीत सार्थक इसलिए भी कही जाएगी, क्योंकि चीन अपनी ओर से सैन्य सहयोग का इच्छुक है या इच्छुक दिखना चाहता है। यह सकारात्मक ही है कि शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्रों के रक्षा मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए चीन के रक्षा मंत्री भारत आए हुए हैं और भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ उनकी आमने-सामने बैठकर बातचीत हुई है। सर्वाधिक महत्व इस बात का है कि गुरुवार को हुई बातचीत में चीनी रक्षा मंत्री ली शंगफू ने भारत के साथ सैन्य सहयोग का प्रस्ताव दिया था, जिसे भारतीय रक्षा मंत्री ने शालीनता से टाल दिया। भारत का यह कदम चीन को और सोचने के लिए प्रेरित करे, तो इसमें एशिया और दुनिया की भलाई है। गलवान झड़प के बाद दोनों देशों के बीच लगातार बढ़ते तनाव के लिए बीजिंग ही जिम्मेदार है। अगर उसकी मंशा विवादों को रोकने की होती, तो वह नामकरण की कूटनीति पर आगे काम न कर रहा होता। अरुणाचल प्रदेश या हिंद महासागर में नामकरण की उसकी ताजा हिमाकत के बाद सैन्य सहयोग का प्रस्ताव कैसे सहज स्वीकार्य हो सकता है? सैन्य सहयोग तो उसी देश के साथ शोभा देता है, जिसके साथ सैन्य टकराव की रत्ती भर भी गुंजाइश न हो। भारतीय रक्षा मंत्री ने चीनी रक्षा मंत्री से बिल्कुल उचित कहा है कि चीन पहले की संधियों और सहमतियों को निभाए, तभी तो भारत रिश्ते सुधारने के प्रति आश्वस्त होगा।

## Social Media Corner

सच के हक में...



2023 के कर्नाटक चुनाव केवल 5 साल के लिए सरकार चुनने के बारे में नहीं हैं। वे आने वाले दशकों में राज्य को किस दिशा में ले जाएंगे, इसके बारे में हैं।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)**



ओडिशा के पुरी में श्री जगन्नाथ मंदिर में दर्शन कर राज्यवासियों की खुशहाली की कामना की। महाप्रभु श्री जगन्नाथ जी सभी को सुख, शांति, समृद्धि और स्वस्थ जीवन प्रदान करें।
जय जगन्नाथ!!

**(सीएम हेमंत सोरेन के ट्विटर अकाउंट से)**



गिरिडीह जाने के रास्ते में हजारीबाग रूका.कुछ पत्रकार,सामाजिक कार्यकर्ता मिले। कोयला के अवैध खनन,परिवहन,व्यवसाय का चौंकानेवाला ब्यौरा दिया.अवैध खनन में हजारीबाग ने साहेबगंज को भी मात दे दिया है। इसमें एनटीपीसी, रेलवे, जेएसएमडीसी, ज़िला प्रशासन, राजनेता सबकी सांठगांठ बताया।

**(सरयू राय के ट्विटर अकाउंट से)**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PRIVATE LIMITED, Kathitand, Near Tender Bagicha, P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001.Editor-Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# पंजाब किंग्स को आज माही की चुतर कप्तानी से बचाना होगा

**–पंजाब को अपनी फिरकी में फंसने की कसर नहीं छोड़ेगी सीएसके**

**चेन्नई (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स और पंजाब किंग्स के बीच आईपीएल में रविवार को होने वाले मैच में स्पिनर्स का दबदबा रहेगा और इसमें मेजबान टीम का पलड़ा भारी दिख रहा है। दोनों टीमों को पिछले मैच में पराजय का सामना करना पड़ा है। चेन्नई को राजस्थान रॉयल्स ने 32 रन से वहीं, पंजाब किंग्स को लखनऊ सुपर जाइंट्स ने 56 रन से शिकस्त दी।

चेन्नई हालांकि अब अपने घरेलू मैदान पर खेलेगी जहां स्पिनर्स की तूती बोलती है। वहीं महेंद्र सिंह धोनी जैसा चतुर कप्तान पंजाब को फिरकी के जाल में फंसाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। राजस्थान के खिलाफ 203 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए चेन्नई के बल्लेबाज दबाव में आ गए। फॉर्म में चल रहे डेवोन कॉनवे भी कुछ खास नहीं कर सके। कॉनवे के अलावा चेन्नई के लिए इस सत्र में रुतुराज गायकवाड़, अजिंक्य रहाणे और शिवम दुबे ने रन बनाए हैं। रविंद्र जडेजा का बल्ले की खामोशी चेन्नई की चिंता का सबब है, लेकिन इस हरफनमौला ने शानदार गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण से वह कमी पूरी कर दी है।

शायद अपना आखिरी आईपीएल खेल रहे धोनी पर सभी की नजरें होंगी। पीली जर्सी में मैदान में मौजूद प्रशंसक उनकी बल्लेबाजी देखना चाहते हैं। चेन्नई इस मैच में भी जडेजा, महीष तीक्षणा और मोईन अली के रूप में तीन तरफा स्पिन आक्रमण उतार सकता है। तेज गेंदबाजी में दीपक चाहर की गैर मौजूदगी में तुषार देशपांडे ने 14 विकेट लिए हैं, हालांकि उनका इकॉनामी रेट 12.57 रहा है। युवा आकाश सिंह और मतीषा पथिराना से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

चेन्नई की टीम में ज्यादा बदलाव नहीं होते हैं, लेकिन चोट से उबर चुके इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स की वापसी हो सकती है। दूसरी ओर पंजाब की समस्या प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव है। कप्तान शिखर धवन की वापसी का भी कोई फायदा नहीं हुआ। धवन, प्रभसिमरन सिंह और अथर्व तायडे




को रन बनाना होगा। धवन की गैर मौजूदगी में मुंबई इंडियंस के खिलाफ कप्तानी करने वाले सैम करेन ने बल्ले और गेंद दोनों से प्रभावित किया था। पिछले मैच में लखनऊ सुपर जाइंट्स के बल्लेबाजों के हाथों बुरी तरह पिटे अर्शदीप सिंह और कैगिसो रबाडा लय में लौटने की कोशिश करने वाले हैं।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं-**

**चेन्नई सुपर किंग्स:** एमएस धोनी (कप्तान), डेवोन कॉनवे, रुतुराज गायकवाड़, अंबाती रायडू, सुभ्रांशु सेनापति, मोईन अली, शिवम दुबे, राजवर्धन हैंगरगेकर, ड्वेन प्रिटोरियस, मिचेल सेंटनर, रविंद्र जडेजा, तुषार देशपांडे, मथीशा पथिराना, सिमरजीत सिंह, दीपक चाहर, प्रशांत सोलंकी, महेश तीक्षणा, अजिंक्य रहाणे, बेन स्टोक्स, शेख रशीद, निशांत सिंधु, सिसंडा मगाला, अजय मंडल, भगत वर्मा, आकाश सिंह।

**पंजाब किंग्स:** शिखर धवन (कप्तान), अर्शदीप सिंह, बलतेज सिंह, राहुल चाहर, सैम कुर्रन, ऋषि धवन, नाथन एलिस, गुरनूर बराड़, हरप्रीत बराड़, हरप्रीत सिंह, विद्वाथ कावेरप्पा, लियाम लिविंगस्टोन, मोहित राठी, प्रभसिमरन सिंह, कागिसो रबाडा, भानुका राजपक्षे, एम शाहरुख खान, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), शिवम सिंह, मैथ्यू शॉर्ट, सिकंदर रजा, अथर्व तायडे।

# श्रीलंकाई खिलाड़ी कुसल मेंडिस ने टेस्ट मैंच में जड़ दिए 11 छक्के

**–सीनियर खिलाड़ी कुमार संगाकारा का रिकॉर्ड तोड़ा**

**लदंन (एजेंसी)।** आयरलैंड के खिलाफ 2 टेस्ट मैचों की सीरीज में श्रीलंका ने बेहतरीन जीत दर्ज की। श्रीलंकाई टीम ने पहला टेस्ट एक इनिंग और 280 रनों से जीता। फिर दूसरा टेस्ट भी श्रीलंका ने पारी और 10 रन से अपने नाम किया। दूसरे टेस्ट में श्रीलंका के बल्लेबाल कुसल मेंडिस ने जबरदस्त कोहराम मचाया। कुसल मेंडिस ने 11 छक्कों के साथ अपना दोहरा शतक पूरा किया।

दूसरे टेस्ट में आयरलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी थी। आयरिश टीम ने पहले बैटिंग कर 493 रन बनाए थे। जब श्रीलंका की टीम बैटिंग करने उतरी, तब उनके शुरुआती चार बल्लेबाजों ने शतक जड़ दिया। इसमें दो दोहरे शतक शामिल थे। निशान मधुशंका ने 205 रन बनाए, वहीं करुणारत्ने ने 115 रन बनाए।

तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे कुसल मेंडिस ने 245 रन बनाए। इसके अलावा एंजेलो मैथ्यूज ने 114 गेंदों में 100 रन बनाए। इन चारों की पारी में कुसल मेंडिस की पारी खास थी, क्योंकि उन्होंने सबसे ज्यादा 245 रन बनाकर करियर का पहला दोहरा शतक भी जड़ दिया। उन्होंने अपनी पारी में 18 चौके और 11 छक्के जड़े।




मेंडिस 11 छक्के जड़कर खास क्लब में शामिल हो गए हैं। दरअसल, मेंडिस से पहले किसी भी श्रीलंकाई बल्लेबाज ने टेस्ट की एक इनिंग में इतने छक्के नहीं मारे थे। टेस्ट की एक इनिंग में सबसे ज्यादा छक्के मारने का रिकॉर्ड वसीम अकरम के नाम हैं। उन्होंने जिंबाब्वे के खिलाफ 12 छक्के मारे थे। मेंडिस ने 11 छक्के मार कर अपने देश के सीनियर खिलाड़ी कुमार संगाकारा का रिकॉर्ड तोड़ा है। कुमार संगाकारा ने साल 2014 में बांग्लादेश के खिलाफ श्रीलंका के लिए खेलते हुए एक टेस्ट इनिंग में 8 छक्के मारे थे।

# क्या विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल की कप्तानी करेंगे कोहली

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि कप्तान रोहित शर्मा अगर किन्हीं कारणों से उपलब्ध नहीं रहते हैं, तब विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल जैसे बड़े मैचों में विराट कोहली को कप्तानी दी जानी चाहिए। शास्त्री ने कहा कि भारतीय टीम प्रबंधन को पिछले साल इंग्लैंड दौरे पर स्थगित हुए आखिरी टेस्ट में कप्तानी के लिए कोहली को कहना चाहिए था चूंकि रोहित उस मैच के लिए उपलब्ध नहीं थे।

शास्त्री ने कहा, इसतरह के बड़े मैच के लिए मैं चाहूंगा कि रोहित फिट रहें, क्योंकि वह कप्तान हैं। लेकिन अगर किन्हीं कारणों से वह नहीं खेल पाते हैं, तब भारतीय टीम को उस दिशा में सोचना चाहिए ।'' शास्त्री से पूछा गया कि रोहित के नहीं खेलने पर क्या कोहली को टीम की कप्तानी करनी चाहिए। शास्त्री ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट के लिए भी ऐसा ही किया जाना चाहिए था। उन्होंने कहा ,रोहित के चोटिल होने पर मुझे लगा



था कि विराट को कप्तान सौंपी जाएगी। उन्होंने कहा, अगर मैं कोच होता यहीं सुझाव देता। मुझे यकीन है कि राहुल (द्रविड़) ने भी यहीं किया होगा। मेरी उससे बात नहीं हुई है। विराट की कप्तानी में भारत ने श्रृंखला में 2.1 की बढ़त बनाई थी।

फाफ डु प्लेसी के चोटिल होने के कारण कोहली वर्तमान में आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की कप्तानी कर रहे हैं। डु प्लेसी 'इंपैक्ट खिलाड़ी के तौर पर खेल रहे हैं। शास्त्री ने कहा, वह अपने खेल का पूरा मजा ले रहा है।

# राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाजों को रोकने आज मुंबई इंडियंस को देना होगा अपना बेस्ट

**–गेंदबाजी रोहित के लिए बड़ी चुनौती**

**मुंबई (एजेंसी)।** खराब दौर से जूझ रही मुंबई इंडियंस को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में रविवार को राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाजों को रोकने के अपना बेस्ट देना होगा। राजस्थान वर्तमान में अंकतालिका में शीर्ष पर है, राजस्थान ने चेन्नई सुपर किंग्स पर पिछले मैच में एकतरफा जीत दर्ज की। पिछले तीन में से दो मैच गंवाने के बावजूद संजू सैमसन की टीम हर विभाग में बेहतरीन फॉर्म में है।

दूसरी ओर मुंबई की डैथ गेंदबाजी चिंता का विषय बनी हुई है, इसकारण मुंबई को पिछले दो मैचों में पराजय का सामना करना पड़ा। पिछले सप्ताह हुए मैच में मुंबई के गेंदबाजों ने आखिरी पांच ओवरों में 96 रन देकर पंजाब को चमत्कारिक जीत दर्ज करने का मौका दिया। इसके अलावा गुजरात टाइटंस के खिलाफ आखिरी 24 गेंद में 70 रन दे डाले।

मुंबई के शीर्षक्रम के बल्लेबाजों को भी बेहतर प्रदर्शन करना होगा, क्योंकि राजस्थान के पास बल्लेबाजों की फौज है। रोहित शर्मा, ईशान किशन और सूर्यकुमार यादव को प्रदर्शन में निरंतरता लानी होगी। मुंबई इस समय दस टीमों में आठवें स्थान पर है। गेंदबाजी में देखना होगा कि कोहनी की चोट से जूझ रहे इंग्लैंड के जोफ्रा आर्चर खेलने के लिए तैयार




हैं या नहीं। जासन बेहरेनडोर्फ, रिले मेरेडिथ और अर्जुन तेंदुलकर महंगे साबित हुए हैं।

दूसरी ओर राजस्थान के बल्लेबाज इस पिच पर 200 से अधिक रन बना सकते हैं। उनके पास जोस बटलर और यशस्वी जायसवाल जैसे शीर्षक्रम के बल्लेबाज हैं, तब मध्यक्रम में संजू सैमसन, देवदत्त पड्डिकल, शिमरोन हेटमायेर और ध्रुव जुरेल उतरते हैं। जुरेल ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। धुरंधर स्पिनर हैं। दोनों ने मिलकर आठ मैचों में 23 विकेट ले चुके हैं। वहीं ट्रेंट बोल्ट प्रभावी रहे हैं और छह मैचों में नौ विकेट चटका चुके हैं।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं-**

**राजस्थान रॉयल्स:** संजू सैमसन (कप्तान और विकेटकीपर), अब्दुल बसिथ, मुरुगन अश्विन, रविचंद्रन अश्विन, केएम आसिफ, ट्रेंट बोल्ट, जोस बटलर, केसी करियप्पा, युजवेंद्र चहल, डोनोवन फरेरा, शिमरोन हेटमेयर, जेसन होल्डर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, ओबेड मैककॉय , देवदत्त पडिक्कल, रियान पराग, कुणाल सिंह राठौर, जो रूट, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, कुलदीप सेन, आकाश वशिष्ठ, कुलदीप यादव, एडम जम्पा।

**मुंबई इंडियंस:** रोहित शर्मा (कप्तान), सूर्यकुमार यादव, टिम डेविड, डेवाल्ड ब्रेविस, तिलक वर्मा, इशान किशन (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स, विष्णु विनोद, कैमरन ग्रीन, अर्जुन तेंदुलकर, रमनदीप सिंह, शम्स मुलानी, रिले मेरेडिथ, नेहल वढेरा, ऋतिक शौकीन, अरशद खान, डुआन जानसेन, पीयूष चावला, कुमार कार्तिकेय, राघव गोयल, जोफ्रा आर्चर, जेसन बेहरेनडॉर्फ, आकाश मधवाल।

# फिट और बेहतर महसूस कर रहा हूं, मैं कोर्ट में उतरना चाहता हूं : मरे

मैड्रिड ।मैड्रिड ओपन के पहले दौर में हारने के बाद ब्रिटेन के एंडी मरे ने कहा है कि वह 2017 के बाद से पहली बार फ्रेंच ओपन में खेलने उतर सकते हैं। पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी को इटली के आंद्रिया ववासोरी से पहले राउंड में हार का सामना करना पड़ा। वह इससे पहले मोंटे कार्लो में क्ले पर पहले राउंड में एलेक्स डी मिनौर से हार गए थे। इस सत्र में क्ले कोर्ट पर अपनी पहली जीत की तलाश कर रहे ब्रिटिश खिलाड़ी रोम में उतर सकते हैं, जहां वह 2017 से नहीं खेले हैं। वह 2017 में सेमीफाइनल तक पहुंचे थे। यह फ्रेंच ओपन में उनकी दूसरी उपस्थिति होगी। मरे ने कहा कि वह इस वर्ष के दूसरे ग्रैंड स्लैम में खेलने की उम्मीद कर रहे हैं। मरे ने कहा, मेरी टीम में कई विकल्प हैं कि मुझे क्या करना चाहिए। मैं खेलना चाहता हूं क्योंकि मैं नहीं जानता कि मुझे दोबारा खेलने का मौका मिलेगा या नहीं। मैं फिट और बेहतर महसूस कर रहा हूं और मैं कोर्ट में उतरना चाहता हूं। क्ले कोर्ट मेजर के अलावा मरे ग्रास कोर्ट के ग्रैंड स्लैम विम्बलडन में भी उतरना चाहता हूं जहां उन्हें काफी सफलता मिली है। उन्होंने अपने तीन ग्रैंड स्लैम खिताबों में से दो खिताब 2013 और 2016 में विम्बलडन में जीते हैं।



# वनडे इतिहास में 500 से अधिक मैंच खेलने वाली टीमों में ऑस्ट्रेलिया शीर्ष पर

**–भारत दूसरे और पाकिस्तान तीसरे स्थान पर**

नई दिल्ली ।मौजूदा समय में लगभग पूरी दुनिया में क्रिकेट के चाहने वाले लोग मौजूद हैं। एक ऐसी ही खबर हम उन खेल प्रेमियों के लिए लेकर आए हैं, जो क्रिकेट के जबरा फैन हैं। आपकों पता है कि वनडे प्रारूप का पहला मुकाबला पांच जनवरी 1971 में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बिच खेला गया। लेकिन यह बहुत कम लोग ही जानते हैं कि वनडे इतिहास में अबतक सिर्फ तीन टीमों ने 500 से अधिक मुकाबलों में जीत हासिल की है। इस खास लिस्ट में सबसे पहला नाम ऑस्ट्रेलिया का आता है। ऑस्ट्रेलिया ने वनडे प्रारूप में अबतक कुल 978 मुकाबले खेले हैं। इस बीच कंगारू टीम को 594 मुकाबलों में जीत मिली है, जबकि 341 मुकाबलों में शिकस्त का सामना करना पड़ा है। इसके अलावा नौ मैच टाई रहे हैं, जबकि 34 मुकाबलों का कोई परिणाम नहीं निकल पाया है। खास लिस्ट में दूसरा नाम भारत का आता है। भारत ने वनडे इतिहास में अबतक कुल 1029 मुकाबले खेले हैं। इस बीच ब्लू टीम को 539 मैचों में जीत मिली है, जबकि 438 मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। इसके अलावा नौ मैच टाई हुए हैं, जबकि 43 मैच का कोई परिणाम नहीं निकाला है। खास लिस्ट में पाकिस्तान का नाम तीसरे स्थान पर आता है। पाक टीम ने वनडे प्रारूप में अबतक 949 मुकाबले खेले हैं। इस बीच ग्रीन टीम को 500 मुकाबलों में जीत मिली है, जबकि 420 मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। इसके अलावा नौ मैच टाई रहे हैं, जबकि 20 मैच का कोई परिणाम नहीं निकल पाया है।




# आईपीएल में कहर ढह रहे बूढ़े खिलाड़ी, टीमों ने इन्हें आधार मूल्य पर खरीदा

**–रहाणे, मोहित शर्मा और पीयूष चावला ने आलोचकों का मुंह बंद किया**


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुंबई (ईएमएस)। इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में बेस प्राइज पर खरीदे गए अजिंक्य रहाणे (सीएसके), मोहित शर्मा (गुजरात टाइटंस), पीयूष चावला (मुंबई इंडियंस) और मयंक मारकंडे (एसआरएच) ने अपने प्रदर्शन से न सिर्फ अपने आलोचकों का मुंह बंद किया हैं, बल्कि यह साबित किया है कि उम्रदराज होने के बावजूद उनमें अभी काफी क्रिकेट बाकी है। सभी को आईपीएल 2023 की नीलामी में आधार मूल्य पर खरीदा गया था। सीजन की शुरुआत से पहले इन खिलाड़ियों को किसी ने मौका नहीं दिया, लेकिन इन्होंने अपने प्रदर्शन से अपने आलोचकों का मुंह बंद कर दिया। मोहित ने तीन मैचों में चार विकेट लिए हैं और पहले ही दो मौकों पर गुजरात के लिए दो प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार के साथ लौटे हैं। डेथ ओवरों में वह कप्तान हार्दिक पांड्या के लिए एक पसंदीदा गेंदबाज रहे हैं।

अजिंक्य रहाणे को चेन्नई सुपरकिंग्स ने 50 लाख रुपये के आधार मूल्य पर खरीदा था मगर उन्होंने अपने लुभावने प्रदर्शन के साथ आईपीएल में सबका ध्यान आकर्षित किया है। वह अब तक पांच पारियों में 52.25 की औसत और 199.1 के स्ट्राइक रेट से 209 रन बना चुके हैं।भारतीय महिला टीम की पूर्व सदस्य मिताली राज ने कहा, रहाणे ने अपने खेल में फिर से बदलाव किया है। वह टी20 प्रारूप में फिट होना चाहते थे, इसकारण उन्होंने अपना खेल बदला। उनके शॉट्स में कोई बदलाव नहीं हुआ है, लेकिन नजरिए में काफी बदलाव आया है। यह रहाणे बिल्कुल नया दिख रहा है।

इसी तरह, सीनियर स्पिनर पीयूष चावला ने पांच बार के चैंपियन मुंबई इंडियंस के लिए खेले गए छह मैचों में नौ विकेट लिए हैं। चावला ने अपने पहले छह मैचों में 6.9 की इकॉनमी से गेंदबाजी की। पूर्व भारतीय खिलाड़ी हरभजन सिंह का मानना है कि इम्पैक्ट सब्स्टीट्यूट नियम पीयूष चावला और अमित मिश्रा जैसे दिग्गज क्रिकेटरों को उनके द्वारा खेले जाने वाले हर खेल पर एक महत्वपूर्ण प्रभाव छोड़ने की अनुमति देता है, क्योंकि वे दोनों अनुभवी प्रचारक और टीम के लिए एक संपत्ति हैं।

सिंह ने कहा, चावला और मिश्रा जानते हैं, कि उनके पास गेंदबाजी करने के लिए केवल तीन-चार ओवर हैं और उस दौरान वे अपना सर्वश्रेष्ठ दे सकते हैं। दोनों के पास क्लास और अनुभव है। मयंक मारकंडे ने पांच मैचों में एसआरएच के लिए 6.7 की इकॉनमी से गेंदबाजी कर आठ विकेट चटकाए, जबकि अनकैप्ड केकेआर के स्पिनर सुयश शर्मा ने नाइट राइडर्स के लिए अब तक खेले गए 5 मैचों में सात विकेट हासिल किए। सुयश को केकेआर ने उनके बेस प्राइस 20 लाख रुपये में खरीदा था।

# मैड्रिड ओपन : अलकाराज पहले दौर में उलटफेर का शिकार होने से बचे




मैड्रिड ।गत चैम्पियन स्पेन के कार्लोस अलकाराज मैड्रिड ओपन के पहले दौर में फिनलैंड के 41वीं वरीयता प्राप्त एमिल रूसुवुओरी के हाथों उलटफेर का शिकार होने से बाल बाल बचे। अगले महीने 20 वर्ष के होने जा रहे अलकाराज ने यह मुकाबला 2.6, 6.4, 6.2 से जीता। अब उनका सामना ग्रिगोर दिमित्रोव से होगा जिन्होंने ग्रेगोइर बारेरे को 6.0, 5.7, 6.3 से मात दी। 5वीं वरीयता प्राप्त आंद्रे रूबलेव ने स्टान वावरिंका को 7.5, 6.4 से हराया। महिला वर्ग में नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने आस्ट्रिया की जूलिया ग्राबेर को 6.3, 6.2 से हराया।

# रायुडू पर जमकर भड़के गावस्कर, दो गेंद पर आउट होने का मामला

जयपुर ।आईपीएल में अंबाती रायुडू के दो गेंद पर आउट होकर पवेलियन लौटने पर पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने फटकार लगाई है। सवाई मान सिंह स्टेडियम में गुरुवार को चेन्नई सुपर किंग्स को राजस्थान रॉयल्स से 32 रन से हार का सामना करना पड़ा। जीत के लिए 203 रनों का पीछा करते हुए चेन्नई को तेज शुरुआत की जरूरत थी, जो रॉयल्स की शानदार गेंदबाजी की वजह से उन्हें नहीं मिली। वहीं इंपैक्ट प्लेयर के रूप में आए अंबाती रायुडू भी 2 गेंदों में बिना खाता खोले पवेलियन चले गए। ऐसे में भारत के पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने रायुडू की क्लास लगाई, बल्कि इम्पैक्ट प्लेयर नियम पर भी सवाल उठाया। गावस्कर ने रायडू के आउट होने पर कमेंट्री पर कहा कि आप फील्डिंग करने नहीं आए। फिर आप केवल बल्लेबाजी करने नहीं आ सकते और गेंद को मारना शुरू नहीं कर सकते। आप ऐसा नहीं कर सकते। हमने पृथ्वी शॉ के साथ यह देखा है। वह सफलता के बिना बल्लेबाजी करने के लिए आ रहा है। कोई फील्डिंग नहीं। कोई स्कोरिंग नहीं। रायुडू दूसरी गेंद पर डक के लिए आउट हो गए। इस प्रकार गावस्कर ने इम्पैक्ट प्लेयर के नियम को भी निशाने में लिया है। मैच में 203 रनों का पीछा करने उतरी सीएसके की तरफ से नंबर 4 पर बल्लेबाजी करने आए रायुडू ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के खिलाफ एक बड़ा शॉट खेलने की कोशिश करते हुए आउट हो गए। वह एक बड़े स्लॉग स्वीप के लिए गए, लेकिन मिड विकेट पर कैच आउट हो बैठे। गौरतलब है कि रायडू ने आईपीएल 2023 में आठ मैचों में 16.60 की औसत से 83 रन बनाने में सफल रहे हैं। यह उनके 14 साल के लंबे आईपीएल करियर का सबसे कम स्कोर अभी तक है।

# दूसरे टीम के ओपनर्स खेल रहे हैं पृथ्वी शॉ से अच्छा: रिकी पोंटिंग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नेट पर कड़ा अभ्यास करने वाले पृथ्वी शॉ से रिकी पोंटिंग को जल्दी ही एक अच्छी पारी की उम्मीद थी, लेकिन दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच ने स्वीकार किया कि दूसरी टीमों के कई सलामी बल्लेबाज उनसे बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। शॉ को छह मैचों में खराब प्रदर्शन के बाद आखिरकार बाहर रखा गया और अब उनकी जल्दी वापसी मुश्किल लगती है। पोंटिंग ने कहा कि दूसरी टीमों के शीर्षक्रम के कई बल्लेबाज उससे बेहतर खेल रहे हैं। आईपीएल में साव ने छह मैचों में 47 रन बनाए हैं। पोंटिंग ने कहा कि फॉर्म में होने पर पृथ्वी मैच विनर है। यही वजह है कि उसे टीम में बरकरार रखा गया था, क्योंकि अगर वह टिक गया तो हम मैच जीत सकते हैं। इस सत्र में हालांकि वह अच्छा नहीं खेल सका। छह मैचों में करीब 40 रन बनाए हैं, जिससे हमारा काम नहीं चलने वाला। उसे बाहर रखने का फैसला कठिन था, लेकिन उम्मीद है कि हमने जो टीम चुनी है, वह कल का मैच जीतेगी। उन्होंने कहा कि इस साल जब वह आया तो कुछ सप्ताह एनसीए में बिताकर आया था। उसने फिटनेस पर काफी मेहनत की है और नेट पर उसकी मेहनत को देखकर मुझे लगता था कि यह साल उसके लिये बड़ा होगा, लेकिन अभी तक ऐसा हुआ नहीं।



# अपराधी बनकर नहीं दूंगा कुश्ती महासंघ से इस्तीफा, यह षड्यंत्रकारियों का धरना है : बृजभूषण

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गोंडा -धरने पर बैठे पहलवानों के आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताते हुए भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने शनिवार को कहा कि इस्तीफा देना उनके लिए कोई बहुत बड़ी बात नहीं है, किन्तु वह अपराधी बनकर इस्तीफा नहीं देंगे । महिला पहलवानों द्वारा बृजभूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों के संबंध में दिल?ली पुलिस ने शुक्रवार को दो प्राथमिकी दर्ज कीं।

विश्नोहरपुर स्थित अपने आवास पर मीडिया से बातचीत में बृजभूषण ने कहा ,''मैं पूरी तरह से निर्दोष हूं । मुझे सुप्रीम कोर्ट और दिल्ली पुलिस पर पूरा भरोसा है। मैं हर तरह की जांच का सामना करने को तैयार हूं।'

उन्होंने कहा, 'भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देना मेरे लिए कोई बहुत बड़ी चीज नहीं है, किन्तु मैं अपराधी बनकर इस्तीफा नहीं दूंगा। मैं अपराधी नहीं हूं। इस्तीफा देने का मतलब है कि मैंने इनके आरोपों को स्वीकार कर लिया है।' कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बृजभूषण के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर में धरने पर बैठे पहलवानों से शनिवार को मुलाकात कर उनके प्रति समर्थन जताया और आरोप लगाया कि केंद्र सरकार एक बाहुबली एवं माफिया के सामने नतमस्तक हो गई है। इस पर उन्होंने कहा , 'आज दिखाई पड़ गया कि इस पूरे विवाद के पीछे किसका हाथ है। मैं शुरू से कह रहा हूं कि इसमें एक उद्योगपति और कांग्रेस का हाथ है। इन्हें मुझसे कष्ट है।'

## यह षड्यंत्रकारियों का धरना है

उन्होंने सवाल किया , 'जब मेरे खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हो गई तो अब पहलवान क्यों धरने पर बैठे हैं? वे लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और खेल मंत्रालय के खिलाफ क्यों बोल रहे हैं? यह खिलाड़ियों का धरना नहीं, षड्यंत्रकारियों का धरना है। हम बहाना हैं, निशाना हमारे ऊपर कहीं है।' बृजभूषण ने कहा , 'महिला पहलवानों की सभी मांगें मान ली गई हैं। मेरे खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है, फिर भी वे धरने पर बैठे हैं। क्यों?' उन्होंने कहा कि उनका कार्यकाल पूरा हो चुका है और महासंघ के अध्यक्ष के चुनाव के साथ अपने आप ही इस्तीफा हो जाएगा। नए चुनाव तक वह सिर्फ कार्यवाहक की भूमिका निभा रहे हैं।

उन्होंने सवाल दागा कि यदि वह पिछले 12 साल से खिलाड़ियों का यौन शोषण कर रहे था, तो वे आज तक कभी पुलिस स्टेशन, फेडरेशन अथवा सरकार के पास शिकायत लेकर क्यों नहीं गए? सीधा जंतर-मंतर पर धरना देने क्यों पहुंच गए। पहलवानों के धरना प्रदर्शन को राजनीति से प्रेरित और साजिश



बताते हुए भाजपा सांसद ने दावा किया कि उन्होंने जांच समिति को एक ऑडियो सौंपा है, जिसमें एक शख्स किसी से कह रहा है कि एक लड़की की व्यवस्था कर दो, उसे (बृजभूषण को) फंसाने के लिए। बृजभूषण ने दावा किया कि पूरा हरियाणा और यूपी का अखाड़ा उनके साथ है और सिर्फ एक परिवार का अखाड़ा ही उनके खिलाफ है।

# जेम्स फोस्टर ने कहा, हम बेखौफ खेलेंगे, आंद्रे व सुनील का किया बचाव

कोलकाता ।कोलकाता नाइट राइडर्स के सहायक कोच जेम्स फोस्टर ने कहा कि उतार चढाव वाले सत्र के बावजूद उनकी टीम निर्भीक होकर क्रिकेट खेलती रहेगी। गौरतलब है कि केकेआर ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को हराकर जीत की राह पर वापसी की है, लेकिन प्लेआफ में जगह पक्की करने के लिए उसे अभी भी बाकी छह में से कम से कम पांच मैच जीतने हैं। वहीं खराब फॉर्म से जूझ रहे आंद्रे रसेल और सुनील नारायण का बचाव करते हुए उन्होंने कहा कि रसेल और नारायण सुपरस्टार हैं। नारायण लंबे समय से टीम का स्टार रहा है। वह काफी मेहनत कर रहा है। कई बार विकेट मिलते हैं लेकिन कई बार आप विरोधी टीम पर दबाव बनाने में भी कामयाब रहते हैं। जेम्स फोस्टर ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच से पूर्व कहा कि बल्लेबाजों को बेखौफ खेलने के लिये कहा गया है। हमने बैठक में यही बात की है। कई बार सब कुछ रणनीति के अनुकूल नहीं रहता लेकिन इससे दबाव कम हो जाता है। इस टीम पर दबाव नहीं है।

# जोगीरा सारा रा रा में नवाजुद्दीन सिद्दीकी से साथ ठुमके लगाएंगी निक्की तंबोली



**अपने बेहतरीन लुक्स और खूबसूरती के लिए जानी जाने वाली निक्की तंबोली एक असाधारण अभिनेत्री भी साबित हो रही हैं। वह एक बेहतरीन डांसर भी हैं।**

निक्की जल्द ही नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म जोगीरा सारा रा रा में एक आइटम नंबर करते नजर आने वाली हैं। फिल्म जोगीरा सारा रा में अपने फीचर के बारे में बात करते हुए निक्की कहती हैं, मैं बेहद अभिभूत और रोमांचित हूं। अनुभवी अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ काम करना एक अद्भुत अनुभव था। नवाज सर के साथ ऑनस्क्रीन बॉलीवुड में मेरी यात्रा के लिए एक शानदार शुरुआत होगी। निक्की ने कहा, वास्तव में यह एक आकर्षक गाना है जो काफी तेजी से आगे बढ़ेगा। फिर भी मुझे उम्मीद है कि मेरे प्रशंसक इसे पसंद

एक सिजलिंग आइटम सॉन्ग दिखाया जाएगा। निक्की फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ एक रोमांचक गीत पर थिरकेंगी और उनकी जोड़ी स्क्रीन पर भी अच्छी लगेगी। हिंदी फिल्म में निक्की का यह पहला आइटम नंबर है। निक्की के पास इस समय कई विज्ञापनों है और वह तेजी से ब्रांड पसंदीदा बन रही हैं। प्रतिभाशाली अभिनेत्री ने बिग बॉस, खतरों के खिलाड़ी और खतरा खतरा जैसे सबसे लोकप्रिय रियलिटी टीवी शो में अपने सच्चे व्यक्तित्व और अपने सच्चे मूल्यों के साथ खड़े होने के साथ हमेशा हमें चकित किया है।

# विनायक चतुर्थी महोत्सव सप्ताह में प्रदर्शित होगी रजनीकांत की जेलर

वर्ष 2021 की शुरुआत में अन्नात्थे के जरिये दर्शकों के सामने आए सिने इतिहास के सुपर सितारों में शामिल रजनीकांत दो साल बाद एक बार फिर से अपने दर्शकों के सामने रूबरू होने आ रहे हैं। रजनीकांत अपनी अगली फिल्म जेलर को लेकर पूरी तरह से तैयार हैं। जेलर को नेल्सन दिलीप कुमार ने निर्देशित किया है, जो इससे पहले थलपति विजय के साथ दर्शकों को बीस्ट दे चुके हैं। हालांकि थलपति विजय अभिनीत यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर वो जादू नहीं जगा पाई थी, जिसके लिए थलपति जाने जाते हैं। बताया जाता है कि बीस्ट की असफलता के बाद नेल्सन दिलीप कुमार की कहानी पर कोई




सितारा काम करने का तैयार नहीं था, लेकिन रजनीकांत ने उन पर भरोसा जताया और इस तरह से रजनीकांत जेलर की भूमिका में आ गए। नेल्सन द्वारा निर्देशित एक्शन फिल्म हाल के दिनों में रजनीकांत की सबसे महंगी फिल्मों में से एक है। फिल्म का निर्माण हैदराबाद, चेन्नई और केरल सहित देश के विभिन्न हिस्सों में किया गया है। जेलर में रजनीकांत के अतिरिक्त मोहनलाल, शिवा राजकुमार, राम्या कृष्णन और प्रियंका मोहन सहित अन्य कलाकारों की एक विशाल टुकड़ी है। रजनीकांत ने फिल्म के लिए अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है और फिल्म इस अगस्त में विनायक चतुर्थी महोत्सव के दौरान प्रदर्शित होगी। यह पहला मौका होगा जब दक्षिण भारतीय फिल्म उद्योग के दो सुपर सितारे रजनीकांत और मोहनलाल एक साथ एक ही फिल्म में नजर आएंगे। इन दोनों को एक साथ परदे पर देखने का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। प्रशंसकों को आने वाले दिनों में निर्माताओं से आधिकारिक रिलीज की घोषणा और प्रचार सामग्री की उम्मीद है। जेलर इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है जिसमें किसी भी फिल्म के लिए सितारों से सजी सबसे बड़ी कास्ट शामिल है। जेलर इसलिए भी खास है क्योंकि लगभग दो साल बाद रजनीकांत की यह पहली रिलीज है और प्रशंसक बड़े पर्दे पर अपने पसंदीदा स्टार की एक झलक पाने के लिए बेताब हैं। जेलर एक उच्च सुरक्षा वाली जेल की सीमा के भीतर स्थापित एक एक्शन थ्रिलर होने की उम्मीद है, जहां रजनीकांत एक सख्त वार्डन की भूमिका निभाते नजर आएंगे। फिल्म निर्देशक नेल्सन द्वारा लिखी गई कथा-पटकथा पर है, जो अपने डार्क कॉमेडी टोन और सुपर स्टार व्यक्तित्व के अनूठे उपयोग के लिए जाने जाते हैं।

# बदलाव ही काम को मजेदार बनाने का तरीका है

बॉलीवुड एक्टर कुणाल खेमू को हाल ही में कॉमेडी ड्रामा स्ट्रीमिंग सीरीज पॉप कौन और स्ट्रीमिंग फिल्म कंजूस मक्कीचूस में देखा गया था। उनका मानना है कि बहुमुखी प्रतिभा बनाए रखना उबाऊ काम से बाहर निकलने और काम को मजेदार बनाने का तरीका है। अपनी पहली फिल्म कलयुग और ढोल, गोलमाल सीरीज, गो गोवा गॉन, अभय जैसे प्रोजेक्ट के साथ एक्टर अलग-अलग शैलियों में काम कर रहे हैं, भले ही यह एक थ्रिलर, ड्रामा, मर्डर मिस्ट्री हो या कॉमेडी। कॉमेडी में भी उन्होंने सिचुएशनल कॉमेडी, डार्क कॉमेडी, फैमिली और स्लैपस्टिक कॉमेडी जैसी शैलियों के साथ एक्सपेरिमेंट किया है। एक्टर ने साझा किया कि कैसे उन्होंने रूढ़िवादिता को तोड़ा। उन्होंने कहा, जब मैंने शुरुआत की तो मुझे केवल सीरियस रोल्स के ऑफर्स दिए गए। फिर मुझे ढोल फिल्म का ऑफर आया। ढोल करने के बाद, मैंने 99,

प्रतिशत सभी कॉमेडी थे। दिलचस्प बात यह है कि उसी साल मुझे कलंक, मलंग और अभय की पेशकश की गई। इन फिल्मों के बारे में बात करते हुए, कुणाल ने कहा, ये सभी बदलाव मेरे द्वारा किए गए कॉमेडी रोल की वजह से थे। एक व्यक्ति को विभिन्न शैलियों में काम करने के लिए तैयार रहना चाहिए क्योंकि यह आपको एक बेहतर कलाकार बनने में मदद करता है। एक्टर को अगली बार द फैमिली मैन फेम राज-डीके द्वारा अभिनीत गुलकंद टेल्स में देखा जाएगा और वह वर्तमान में अपने निर्देशन में बनी पहली फिल्म मडगांव एक्सप्रेस के पोस्ट-प्रोडक्शन पर काम कर रहे हैं।





# एंग्जाइटी से जूझ रही हैं आलिया



आलिया भट्ट इन दिनों अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल दोनों ही जिंदगियों में बेहद बिजी चल रही हैं। ऐसे में वो काम के साथ-साथ अपनी बेटी राहा कपूर का ख्याल भी रख रही हैं। इस बीच आलिया ने हाल ही में बताया कि उन्हें इस बात की काफी चिंता होती है कि वो अच्छी तरह से राहा का ध्यान रख पा रही हैं या नहीं। इतना ही नहीं आलिया ने बताया रणबीर भी अपनी नन्हीं बच्ची को लेकर काफी प्रोटेक्टिव रहते हैं। आलिया ने कहा- 'यह सोचकर मुझे चिंता होती है कि क्या मैं अपने बच्चे और काम के साथ सही कर रही हूं। क्योंकि महिलाओं पर दोनों चीजों को अच्छे तरीके से करते का दबाव होता है। यह पुराने समय से चलता आ रहा है कि एक बार जब महिलाओं को बच्चा हो जाता है, तो उन्हें अपने करियर को शहीद करना पड़ता है या उन्हें एक आदर्श मां नहीं माना जाता है।' आलिया ने आगे कहा- 'नई माओं के लिए यह बहुत जरूरी है कि वो अपनी सोच को समझने के लिए समय निकालें। उन्हें क्या करना है, इसका फैसला वो खुद लें। इसके अलावा इंडस्ट्री और लोगों को भी यह समझना जरूरी है कि वो नई माओं को समय दें। आलिया ने यह भी माना कि वो सोचती हैं कि क्या लोग वाकई सोचते हैं कि वह अच्छी तरह से काम कर रही हैं या वो उन्हें केवल खुश करने के लिए यह कर रहे हैं? भले ही उन्हें को क्रिटिसाइज न करें, लेकिन वो जरूर इसके बारे में सोचती हैं। इसलिए आलिया अपनी मेंटल हेल्थ के लिए कड़ी मेहनत कर रही हैं। उन्होंने बताया कि वो हर हफ्ते थेरेपी के लिए जाती हैं, ताकि वो मन में पल रहे इस वहम को दूर कर सकें। आलिया ने कहा कि इससे उन्हें यह समझने में मदद मिलती है कि कुछ ऐसा तो नहीं है जिसे वो एक या दो या पांच या दस दिन में नहीं समझ पाएंगी। आलिया ने कहा- यह एक प्रोसेस है और हर दिन कुछ न कुछ नया सीखने को मिलता है।

# सोनाक्षी की वेब डेब्यू दहाड़ का टीजर जारी

अपकमिंग स्ट्रीमिंग सीरीज दहाड़ का टीजर बुधवार को जारी किया गया, जिसमें सोनाक्षी सिन्हा तेजतर्रार पुलिस वाले की भूमिका में नजर आ रही हैं। इस सीरीज में गली बॉय के एक्टर विजय वर्मा भी हैं। इस सीरीज के जरिए सोनाक्षी डिजिटल डेब्यू करने जा रही है। वह 27 लड़कियों की दर्दनाक हत्या के मामले को सुलझाने का प्रयास करेंगी। शो के बारे में बात करते हुए निर्देशक और सह-निर्माता रीमा कागती ने एक बयान में कहा, दहाड़ का वास्तव में शानदार अनुभव रहा है। यह सीरीज हम सभी के लिए बेहद खास है। इसमें सोनाक्षी, विजय, गुलशन और सोहम ने कड़ी मेहनत की है। बर्लिनले 2023 में सीरीज के लिए हमें जो प्रतिक्रिया मिली, वह उम्मीदों से भरी थी और हम

सीरीज के 8 एपिसोड है। सीरीज की कहानी सार्वजनिक बाथरूम में एक के बाद एक, कई महिलाओं की रहस्यमय तरीके से मौत के मामले सामने आने के बाद घटनाक्रम की शुरू होती है। शुरूआत में इसे आत्हत्या का मामला माना जाता है, लेकिन जैसे-जैसे मामले बढ़ते जाते है, उससे अंजलि को शक होने लगता है कि एक सीरियल किलर खुलेआम घूम रहा है। इसके बाद मुजरिम और पुलिस के बीच बिल्ली और चूहे का खेल शुरू हो जाता है। सोनाक्षी एक मासूम महिला की जान जाने से पहले सबूतों की कड़ियों को एक साथ जोड़ने की कोशिश करती है। रीमा कागती और जोया अख्तर द्वारा निर्मित, सीरीज कागती द्वारा रुचिका ओबेरॉय के साथ निर्देशित है। एक्सेल मीडिया एंड एंटरटेनमेंट और टाइगर बेबी द्वारा निर्मित दहाड़ में सोनाक्षी

हैं। सीरीज जल्द ही प्राइम वीडियो पर आएगी।



# रोंगटे खड़े कर देगा द केरल स्टोरी का ट्रेलर

अदा शर्मा स्टारर द केरल स्टोरी का ट्रेलर बीते कल रिलीज कर दिया है। ट्रेलर में उन लड़कियों की कहानी दिखाई गई है जिन्हें बहला फुसला कर इस्लाम के जाल में फंसा लिया जाता है। उनके दिमाग में तरह-तरह की बातों को बैठा दिया जाता है या यूं कहें कि इनका ब्रेन वॉश कर दिया जाता है। फिल्म में अदा शर्मा शालिनी का किरदार निभा रही हैं जो हिंदू परिवार से होती है लेकिन शालिनी को फातिमा बना दिया जाता है। द केरल स्टोरी की कहानी सच्ची घटना पर आधारित है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज होते ही विवादों में भी आ गया है। ट्रेलर की शुरूआत शालिनी नाम की एक लड़की से होती है जो अपने पूरे परिवार के साथ हंसी खुशी केरल में रहती है। इसके बाद उससे यह सवाल किया जाता है कि उसने आइएसआइ कब ज्वाइन किया है। इसके जवाब में शालिनी कहती है कि इससे पहले यह जानना जरूरी है कि उसने क्यों और कैसे ज्वॉइन किया। आगे की कहानी में शालिनी की फातिमा बनने की पूरी जर्नी दिखाई जाती है। ट्रेलर को देखकर निश्चित रूप से आपको रोंगटे खड़े हो जाएंगे। आगे दिखाया जाता है कि पढ़ाई लिखाई करने वाली शालिनी हॉस्टल में एक मुस्लिम लड़की से मिलती है। वह लड़की शालिनी के साथ बाकी अन्य लड़कियों को भी इस्लाम धर्म के प्रति प्रभावित करने की कोशिश करती है। वह भगवान और कपड़ों को लेकर लड़कियों की मानसिकता धीरे-धीरे बदलने की कोशिश करती है।

### हिंदू लड़कियों का किया जाता है ब्रेन वॉश

इसी बीच कुछ इस्लामिक धर्म के लोगों को भी दिखाया जाता है जो कहते हैं कि हिंदू लड़कियों को करीब लाओ, उन्हें अपने परिवार से दूर करो, इसके लिए चाहे उन्हें प्रेग्नेंट ही क्यों न करना पड़े। आगे दिखाया जाता है कि किस तरह वह मुस्लिम लड़की धीरे-धीरे शालिनी के साथ बाकी लड़कियों के दिमाग पर अपना कंट्रोल कर लेती है। फातिमा बनी शालिनी अपने परिवार से भी दूर हो जाती है। उसके माता पिता भी यह देखकर हैरान रह जाते हैं।

# मैं हूं अपराजिता में श्वेता तिवारी ने 200 एपिसोड पूरे किए

मैं हूं अपराजिता की अभिनेत्री श्वेता तिवारी ने शो में अपराजिता के रूप में अपने सफर को याद किया, जिसने हाल ही में 200 एपिसोड पूरे किए हैं। उन्होंने अपने सह-अभिनेता मानव गोहिल और पारिवारिक नाटक के पूरे कलाकारों के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा किया। यह शो श्वेता के चरित्र अपराजिता के इर्द-गिर्द घूमता है, जो तीन बेटियों की मां है, जिसे अनुष्का मर्क डे, ध्वनि गोरी और श्रुति चौधरी ने निभाया है और पति के लिए पत्नी होने का उनका संघर्ष, पति का किरदार मानव गोहिल द्वारा निभाया गया है, जो एक अन्य महिला के प्यार में है, जिसे श्वेता गुलाटी ने निभाया है। अपना आभार व्यक्त करते हुए, श्वेता ने कहा- वास्तव में, जबकि हम सभी 200 एपिसोड पूरे करके खुश हैं, हमें यह भी लगता है कि अभी कई अध्याय लिखे जाने बाकी हैं। अपराजिता की भूमिका निभाना मेरे लिए एक अविश्वसनीय अवसर रहा है और मैं आभारी हूं मुझे ऐसी प्रतिभाशाली और सहायक टीम के साथ काम करने का मौका मिला, जिसने मुझे इस जटिल चरित्र को जीवंत



करने में मदद की है। इसके पीछे विचार यह है कि अपने दर्शकों को एक सम्मोहक कहानी और पात्रों के साथ मनोरंजन और संलग्न किया जाए, जिन्हें वह प्यार करने लगे हैं। मानव ने यह भी याद किया कि कैसे उन्होंने शो की शूटिंग शुरू की और कहा कि दर्शकों की सराहना और प्यार के कारण शो ने 200 एपिसोड पूरे कर लिए हैं। उन्होंने कहा- ऐसा लगता है जैसे कल ही हमने शो की शूटिंग शुरू की थी, और अब हम पहले ही 200 एपिसोड तक पहुंच चुके हैं। मैं अक्षय की भूमिका निभाने और आने वाले समय में अपने किरदार के नए आयाम पेश करने को लेकर उत्साहित रहता हूं। मैं हूं अपराजिता जी टीवी पर प्रसारित होता है।




फैन ने आंध्र प्रदेश में बनवाया एक्ट्रेस का मंदिर

# देवी की तरह पूजी जाएंगी सामंथा

प्रभु की देश दुनिया में तगड़ी फैन फॉलोइंग है। लोग उनकी एक्टिंग और खूबसूरती के हद से परे दीवाने हैं। फैंस के बीच एक्ट्रेस की दीवानगी का अंदाजा इस कदर लगाया जा सकता है कि आंध्र प्रदेश में उनके नाम का मंदिर बनाया गया है। सामंथा के एक फैन ने आंध्र प्रदेश के बापाटला के पास स्थित अल्लपाडु गांव में उनके नाम के

निर्माण करने वाले उनके फैन का नाम तेनाली संदीप है। मंदिर का काम लगभग पूरा हो चुका है और 28 अप्रैल को इसको आधिकारिक

सेंटर में रखा जाएगा। सबसे दिलचस्प बात यह है कि मंदिर बनवाने वाले इस फैन को सामंथा रुथ प्रभु से मिलने का कभी मौका नहीं मिला। फैन का कहना है कि वह सामंथा की फिल्मों का ही नहीं

मालूम हो, सामंथा से पहले नयनतारा, हंसिका मोटवानी और नमिता जैसे सेलेब्स का भी मंदिर बन चुका है। वहीं, सामंथा रुथ प्रभु के काम की बात करें तो हाल ही में एक्ट्रेस को फिल्म शाकुंतलम में देखा गया है। अब वह जल्द ही फिल्म खुशी में नजर आएंगी। इसमें उनके अलावा विजय देवरकोंडा भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।

# कृति खरबंदा का काम दर्शाता है कि वह बहुमुखी प्रतिभा और कंटेंट-समृद्ध परियोजना की क्वीन हैं

मॉडल से अभिनेत्री बनी कृति खरबंदा की परियोजनाओं की सूची इस बात का एक आदर्श उदाहरण है कि समृद्ध सामग्री और बहुमुखी प्रतिभा वाला ग्राफ कैसा दिखता है। तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और बॉलीवुड सिनेमा में अभिनेत्री का काम अनुकरणीय रहा है। इसका एक प्रमुख उदाहरण कन्नड़ सिनेमा में केजीएफ स्टार यश की सह-अभिनीत फिल्म गुगली में उनका डॉ. स्वाति का किरदार है। फिल्म और उसके चरित्र को अविश्वसनीय प्यार और प्रशंसा मिली। कृति को बॉलीवुड बड़ी ब्रेक राज़-रिबूट में इमरान हाशमी के साथ था, उसके बाद राजकुमार राव के साथ शादी में ज़रूर आना में आरती शुक्ला का किरदार। उनका अगला कारवां में स्व. इरफान खान के साथ एक यादगार कैमियो था। अक्षय कुमार और राणा दग्गुबाती के साथ हाउसफुल 4 एक और यादगार प्रदर्शन था। जोकि एक सफलता मूवी थी और लगभग 300 करोड़ का व्यापार किया था। कृति ने खुद को ट्रांसफॉर्म किया और तैश में वह पहचान में नहीं आ रही थीं। थ्रिलर के डिनर दृश्य ने सोशल मीडिया पर हलचल पैदा कर दी, और मौखिक चर्चाओं ने हर किसी को कृति के पहले कभी नहीं देखे गए अवतार का अनुभव करने के लिए प्ले बटन पर क्लिक करने पर मजबूर कर दिया। इतने मजबूत, समृद्ध और आकर्षक व्यक्तित्व के साथ, कृति खरबंदा उद्योग में एक विश्वसनीय कलाकार बन गई हैं। वह बड़े निर्देशकों और निर्माताओं के लिए एक प्रमुख पसंद बनने के लिए भी सूची में आगे हैं क्योंकि उनके प्रदर्शन ने साबित कर दिया है कि वह जिस भी परियोजना का हिस्सा रही हैं वह सफलता रही है। पेशेवर मोर्चे पर हम उनकी अगली घोषणा का इंतजार कर रहे हैं।

